> समय को बर्बाद करना अपने जीवन को बर्बाद करने के समान है।


सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

dainikindoresanket24@gmail.com

इंदौर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025

■ वर्ष : 4 ■ अंक : 288 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2




राष्ट्रपिता को नमन...


2 डिवाइडर बनाया तो उसमें ही भर दिया मलबा

5 अनुष्का शंकर ने की भारत टूर की घोषणा

6 भूमि अधिग्रहण के खिलाफ किसानों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन






### धांधली की शिकायतों के बीच निगम को मिल गया बेस्ट परफॉर्मेंस का अवॉर्ड

# जहां से मिली घटिया निर्माण की शिकायतें, उसी के लिए मिला अवार्ड

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • कई अवॉर्ड ऐसे मिलते हैं कि जनता भी भौंचक रह जाती है। पिछले दिनों निगम को स्वच्छ वायु में नम्बर वन रहने का अवॉर्ड मिला, जबकि शहरभर में अभी धूल के गुबार उड़ रहे हैं। इसी तरह कल शासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इंदौर निगम को बेस्ट परफॉर्मेंस अवॉर्ड थमा दिया, जबकि इस योजना में अधिकांश बिल्डिंगें घटिया निर्माण का उदाहरण है और सारे रहवासी दुखी हैं। महापौर सहित निगम के जिम्मेदार इन घटिया निर्माणों की वास्तविकता स्वीकार कर चुके हैं।

भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में इंदौर निगम को जहां स्वच्छता के सिरमौर रहने का राज्य स्तरीय सम्मान मिला। आयुक्त दिलीप कुमार यादव और स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने यह सम्मान प्राप्त किया और मुख्यमंत्री ने भी इस अवसर पर कहा कि इंदौर ने स्वच्छता में जो पहचान बनाई वह पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है। वहीं मुख्यमंत्री और राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा बागरी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इंदौर नगर निगम को बेस्ट परफॉर्मेंस अवॉर्ड से भी सम्मानित किया। इस योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट क्रियान्वयन और हितग्राहियों को समय पर लाभ प्रदान करने का उल्लेखनीय कार्य बताया। दूसरी तरफ हितग्राही यानी इन आवासों में रहने वाले तमाम रहवासी इस अवॉर्ड पर भौंचक हैं, जो आए दिन अपनी समस्याओं को लेकर शिकायतें करते हैं। निगम ने भूरी टेकरी, नैनोद, पंचशील नगर, भीम नगर सहित अन्य क्षेत्रों में जो बिल्डिंगें बनाई, वह इतनी घटिया है कि भूरी टेकरी में बने फ्लेटों को तो तोडने् का निर्णय भी कुछ समय पूर्व लिया गया। जेएनएनयूआरएम मिशन के तहत 2009 से ये प्रोजेक्ट चल रहे हैं और अधिकांश बिल्डिंगें जर्जर और घटिया निर्माण का उदाहरण है, जिसमें डेढ़ हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि भी खर्च की गई और अब ये स्थिति है कि आधी कीमत में भी फ्लेट खरीदने को कोई तैयार नहीं है। इसलिए कई लोगों ने बाद में राशि भरना ही बंद कर दी। वहीं लाइट हाउस योजना के बिचौली हप्सी स्थिति फ्लेट तो अत्यंत ही घटिया निकले हैं। यहां तक कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी यह बात स्वीकार की थी कि ये निर्माण अच्छी गुणवत्ता के नहीं हुए।

## ब्रेकिंग न्यूज

- ईडी ने गुरुग्राम की विशेष अदालत में एल्विश यादव, फाजिलपुरिया के खिलाफ दायर की चार्जशीट
- लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 3232 अवैध निर्माणों का लगाया पता, 500 से ज्यादा पर चलाया बुलडोजर
- अमित शाह और जेपी नड्डा की मौजूदगी में कल होगा गुजरात सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार
- पंजाब में सामने आए पराली जलाने के 31 नए मामले
- आरजेडी ने खेसारी लाल यादव की पत्नी को छपरा विधानसभा सीट से घोषित किया उम्मीदवार
- बाड़मेर के गुड़ामालानी में ट्रेलर और स्कॉर्पियो की भिड़ंत, 4 की जिंदा जलने से मौत
- एएसआई संदीप का आज रोहतक में होगा पोस्टमार्टम, देर रात बनी सहमति

### वकील की दमदार दलीलों के चलते नगर निगम को बड़ी राहत

# सवा दो करोड़ की वसूली प्रकरण में कुर्की आदेश रद्द

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर • एक विवादित वसूली प्रकरण में इंदौर नगर निगम को बड़ी राहत मिली है। जिला न्यायालय ने निगम पर लागू किया गया कुर्की वारंट एवं नोटिस चस्पा करने का आदेश रद्द कर दिया है। इस फैसले के बाद निगम न केवल 2 करोड़ 24 लाख 79 हजार 924 रुपए की वसूली से बच गया है, बल्कि उसने अपनी प्रतिष्ठा भी बहाल की है।**

अधिवक्ता की शानदार दलीलों ने निगम को 2 करोड़ 24 लाख 79 हजार की वसूली से बचा लिया है साथ ही लौट आई वह इज्जत जो 4 अप्रैल 2025 को निगम आयुक्त कार्यालय के गेट और वहां खड़े वाहनों पर कोर्ट के कुर्की के नोटिस चस्पा करने से जा चुकी थी। कुर्की के जिस आदेश की वजह से पूरे प्रदेश में इंदौर नगर निगम चर्चा में आ गया था, जिला न्यायालय ने उस आदेश को ही निरस्त कर दिया है। पूरा मामला 2 करोड़ से अधिक मुआवजे से जुड़ा हुआ है। वर्ष 2017 में सड़क चौड़ीकरण की कार्यवाही में रवि शंकर मिश्रा का मकान तोड़ दिया गया था, जिस पर मुआवजे की मांग करते हुए मिश्रा ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी



इसके निराकरण में हाईकोर्ट में जिला न्यायालय को आदेश दिया था कि वह मध्यस्थ नियुक्त कर मामले का निराकरण करें। हाई कोर्ट के आदेश पर जिला न्यायालय ने तीन सदस्य मध्यस्थ नियुक्त कर दिए। प्रकरण का निराकरण करते हुए निगम को आदेश दिया गया था कि वह मिश्रा को 2 करोड़ से अधिक कम मुआवजा दे, परंतु निगम अधिकारियों द्वारा मुआवजे की राशि को नहीं लौटाया गया और निर्णय के बावजूद मुआवजा नहीं मिलने पर मिश्रा ने निगम के खिलाफ बजावरी प्रकरण प्रस्तुत कर दिया, जिसमें सुनवाई करते हुए कोर्ट ने निगम के खिलाफ कुल जोड़ 2 करोड़ 24 लाख 79 हजार 924 रुपए का धन की डिग्री के निष्पादन में जंगम संपत्ति का कुर्की वारंट जारी कर दिया था।

रवि शंकर मिश्रा द्वारा जिला कोर्ट में निगम के विरुद्ध वसूली प्रकरण तैयार किया गया और जिला कोर्ट के अमले ने राशि वसूलने के लिए निगम आयुक्त सहित अन्य अफसरों के वाहनों को जप्त कर नोटिस चस्पा कर दिए थे, जहां निगम में बजट पर चर्चा हो रही थी वहीं कोर्ट का अमला अपनी कार्रवाई कर रहा था। यही निगम के संकट मोचन के रूप में एडवोकेट अशोक एरन ने आकर कोर्ट से ही कुर्की के आदेश को अपास्त कर दिया। अधिवक्ता ने सबसे पहले माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के समक्ष विविध याचिका वसूली प्रकरण को चुनौती देते हुए प्रस्तुत की गई जिसमें निगम को स्टे भी मिल गया था इसके बाद निगम द्वारा इसी मूल अवार्ड की अपील सिविल न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए माननीय सिविल न्यायालय द्वारा मंजूर अवार्ड को ही निरस्त करवा दिया गया। जिला कोर्ट ने मध्यस्थ की कार्यवाही को पूर्णता दूषित बताया और 2 जुलाई 2024 को जारी आदेश का क्रियान्वयन अपास्त कर दिया। पूरी घटना में वकील साहब ने निगम को करोड़ों रुपए के वसूली से अभी तक बचा रखा है।



| डिक्री | राशि |
|---|---|
| मूल | 1,18,81,0/40/- |
| ब्याज | 1,00,98,584/- |
| खर्च | 50,000/- |
| निष्पादन के खर्च | 4,50,000/- |
| अतिरिक्त ब्याज | - |
| जोड़ | 2,24,79,924/- |



सिविल दिवानी अपील क्र.-190/2025

:- न्यायालय- तृतीय अपर जिला न्यायाधीश, इंदौर (म०प्र०) -:

(पीठासीन अधिकारी-विकास चन्द मिश्र)

सिविल दिवानी अपील क्र.-190/2025

आयुक्त इंदौर नगर पालिक निगम, इंदौर
तर्फे प्रभारी अधिकारी झोन क्रमांक-20
नगर पालिक निगम, इंदौर (म०प्र०) --अपीलार्थी / वादी

:- वि रु द्ध -:

01- रविशंकर पिता कालाप्रसाद मिश्र
उम्र 84 वर्ष, व्यवसाय-कुछ नहीं
नि0-84, रामगली नगर, इंदौर

02- संजय श्रीवास्तव पिता मालूम नहीं
उम्र-वयस्क, व्यवसाय इंजीनियर
पता-नगर पालिक निगम, इंदौर --प्रत्यर्थीगण / प्रतिवादीगण

अपीलार्थी द्वारा : श्री अशोक ऐरन अधि0।
प्रत्यर्थी क्र.1 द्वारा : श्री प्रणव मालपानी अधिवक्ता।
प्रत्यर्थी क्र. 2 : पूर्व से एकपक्षीय।

:- आ दे श -:

(आज दिनांक-14.10.2025 को पारित)

01. अपीलार्थी/प्रार्थी द्वारा यह विविध सिविल अपील धारा 387(4) म0प्र0 नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 के अंतर्गत माध्यस्थम अधिकरण, इंदौर के द्वारा माध्यस्थम प्रकरण क्रमांक-1/2023-24 में पारित आदेश दिनांक-02.07.2024 से व्यथित होकर प्रस्तुत की गयी है, जिसके माध्यम से माध्यस्थम अधिकरण के द्वारा अपीलार्थी को कुल 2,19,79,924/-(दो करोड़, उन्नीस लाख, उन्नासी हजार, नौ सौ चौबीस) रूपये 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से प्रत्यर्थी क्रमांक-1 को दिलाये जाने को आदेशित किया गया है।

02. प्रकरण में कोई महत्वपूर्ण स्वीकृत तथ्य नहीं है।

03. मुख्य तथ्य जिस पर अपील के आधार उद्भूत हुए है, अपील मेमो में अपीलार्थी के द्वारा यह तथ्य उल्लिखित किया गया है कि अपीलार्थी

# सरकारी बैंकों के मेगा मर्जर की तैयारी एसबीआई व पीएनबी में होगा विलय!

**मुंबई (एजेंसी)** • भारत का बैंकिंग क्षेत्र एक और बड़े बदलाव की तैयारी में है। सरकार पब्लिक सेक्टर के बैंकों के बीच नए मेगा मर्जर पर काम कर रही है, जिसके तहत छोटे सरकारी बैंकों को बड़े बैंकों में मिलाने की योजना है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इंडियन ओवरसीज बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ महाराष्ट्र को पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जैसे बड़े बैंकों के साथ विलय करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

मनी कंट्रोल ने सरकारी अधिकारियों के मुताबिक रिपोर्ट में बताया है कि इस योजना पर वित्त वर्ष 2026-27 में कैबिनेट और पीएमओ स्तर पर चर्चा की जाएगी। प्रस्ताव को पहले रिकॉर्ड ऑफ डिस्कशन के रूप में रखा जाएगा, जो आगे के निर्णयों का आधार बनेगा। बता दें कि यह कदम सरकार के उस दीर्घकालिक लक्ष्य का हिस्सा है जिसके तहत मजबूत, बड़े और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी सरकारी बैंक तैयार किए जा रहे हैं। 2017 से 2020 के बीच पहले भी 10 बैंकों को मिलाकर 4 बड़े बैंक बनाए गए थे। सरकार का मानना है कि भारत में तेजी से बढ़ती डिजिटल फिनटेक सेवाओं और निजी बैंकों के विस्तार को देखते हुए अब समय आ गया है कि सार्वजनिक



बैंकों को रणनीतिक रूप से पुनर्गठित किया जाए। रिकॉर्ड ऑफ डिस्कशन एक आंतरिक सरकारी दस्तावेज होता है, जिसमें बैठक के दौरान हुई प्रमुख चर्चाओं और सहमतियों को दर्ज किया जाता है। इसी दस्तावेज के आधार पर आगे की नीतिगत स्वीकृतियां और कैबिनेट स्तर पर निर्णय लिए जाते हैं। इस प्रस्ताव को पहले वरिष्ठ अधिकारियों के बीच चर्चा के लिए कैबिनेट स्तर पर रखा जाएगा।

# परीक्षा रुकवाने के लिए प्राचार्य की मरने की झूठी खबर फैलाई, छात्रों पर हुई एफआईआर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • होलकर साइंस कॉलेज की प्राचार्य की झूठी मौत की खबर फैलाने के मामले में भंवरकुआं पुलिस ने दो छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई बुधवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनामिका जैन की शिकायत पर की गई है। पुलिस के अनुसार, मयंक कछावा निवासी स्कीम नंबर 78 और हिमांशु जयसवाल निवासी मालवा मिल दोनों बीसीए थर्ड सेमेस्टर के छात्र हैं। इन पर प्राचार्य की झूठी मौत की खबर बनाकर उसे वॉट्सऐप के जरिए कई लोगों तक भेजने का आरोप है। पुलिस अधिकारी एसआई नीलमणि ठाकुर ने बताया कि यह खबर इतनी तेजी से फैली कि कॉलेज के कई स्टाफ और छात्रों में भ्रम की स्थिति बन गई। डॉ. अनामिका जैन ने थाने में लिखित आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि होलकर साइंस कॉलेज की स्थापना को 134 साल हो चुके हैं और वर्तमान में यहां लगभग 12,000 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं।

15 अक्टूबर को कॉलेज में सीसीए परीक्षा आयोजित होनी थी। इस बारे में नोटिस बोर्ड के माध्यम से छात्रों और प्रोफेसरों को सूचित किया गया था। लेकिन 14 अक्टूबर की रात, कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. नागेश, एचओडी डॉ. अर्पणा और एक छात्र आलेख ने उन्हें कॉल कर उनका हालचाल पूछा।



बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वॉट्सऐप पर उनके स्वर्गवास की झूठी खबर वायरल हो रही है, जिसके कारण परीक्षा रद्द होने की अफवाह भी फैल गई है।

इसके बाद प्राचार्य ने स्वयं कॉलेज स्टाफ को वॉट्सऐप पर मैसेज भेजकर जानकारी दी कि यह खबर भ्रामक और झूठी है। जांच के दौरान पता चला कि यह मैसेज मयंक और हिमांशु ने बनाया और फैलाया था। इसके बाद दोनों के खिलाफ थाने में शिकायत की गई।



# भदौरिया पर कार्रवाई से गुजरात शराब लाइन सप्लाय पर चोट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मप्र के रिटायर्ड जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया पर लोकायुक्त टीम ने कल छापा मारा है। इससे इंदौर से लेकर ग्वालियर और भोपाल तक हड़कंप मच गया है। इस कार्रवाई में भदौरिया के इंदौर स्थित फ्लेट की अलमारी से एक किलो 400 ग्राम सोना, एक किलो से अधिक वजन की सोने की ज्वेलरी, 75 लाख नकदी और पांच हजार यूरो मिले हैं। साथ ही अचल संपत्ति में दो फ्लैट, इंदौर के साथ ही इटावा और ग्वालियर में लंबी-चौड़ी जमीन के दस्तावेज भी मिले हैं। कार्रवाई इंदौर, ग्वालियर में आठ ठिकानों पर हो रही है। पूर्व आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया की कार्यशैली नौकरी में आने के बाद से ही विवादित रही है। वह इंदौर, ग्वालियर, खंडवा, धार और आलीराजपुर जैसी जगहों पर पदस्थ रहा है। अभी लंबे समय से वह आलीराजपुर में ही पदस्थ था। गौरतलब है कि मप्र में अलीराजपुर, झाबुआ और धार जिले गुजरात की अवैध शराब लाइन संचालन के सबसे अहम इलाके हैं। यहीं से होकर पूरी लाइन गुजरती है। इस लाइन में भदौरिया की सालों से पकड़ रही है। इसी के चलते उनकी एक नहीं दर्जन भर शिकायतें हो चुकी हैं।

**गुजरात अवैध लाइन की चौकड़ी का अहम हिस्सा है भदौरिया**-भदौरिया शराब ठेकेदार और गुजरात की लाइन चलाने के सबसे अहम किरदार एके सिंह का समधी है। सिंह डिस्टलरीज संचालक और शराब कारोबारी पिंटू भाटिया का भी खास है। इसी में एक और किरदार है अल्केश बाकलिया, जो गुजरात में शराब की अवैध लाइन के डिस्ट्रीब्यूशन का हिस्सा संभालता है।

इस चौकड़ी के जरिए ही पूरी लाइन के संचालन के आरोप हमेशा लगते रहे हैं। हालत यह है कि भदौरिया 31 अगस्त को रिटायर होने के बाद भी आलीराजपुर में ही रूम किराए पर लेकर रहता है। वहां से पूरी लाइन को मैनेज करने का काम करता है। बीते साल तो रिटायर्ड डीईओ धर्मेंद्र सिंह भदौरिया ने आलीराजपुर का ठेका लेने वाले रिंकू भाटिया से भी पेटी कांट्रेक्ट के जरिए हिस्सेदारी की थी। साथ ही, जिले का पूरा शराब का धंधा ही पर्दे के पीछे से कब्जे में ले लिया था।

## न्यूज इन ब्रीफ

### क्यूआर कोड से भी मिलेगी बिजली संबंधी जानकारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं, कनेक्शन लेने वालों व विद्युत संबंधी अन्य कार्य करने वालों के लिए क्यूआर कोड से जानकारी प्राप्त करने की सुविधा प्रारंभ की हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए उपभोक्ता हित में यह निर्णय लेकर व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। इस नई सुविधा के अंतर्गत विद्युत प्रदाय संहिता, उपभोक्ता सुविधाओं, विभिन्न सेवाओं, शुल्क, समय सीमा से संबंधित जानकारी मात्र वन क्लिक पर क्यूआर कोड स्कैन कर प्राप्त की जा सकती है। मप्र पक्षेविविकं द्वारा तैयार QR कोड स्कैन करने के बाद आपको विभिन्न विकल्प दिखाई देंगे, इनमें SOP FOR CONSUMER SERVICE पर क्लिक कर संपूर्ण जानकारी प्राप्त प्राप्त की जा सकती है।

### पेंटिंग काम्पीटिशन के विनर्स को सांसद शंकर लालवानी 16 को करेंगे पुरस्कृत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● 'विकसित भारत' विषय पर आयोजित पेंटिंग काम्पीटिशन का पुरस्कार वितरण समारोह 16 अक्टूबर को शाम 5 बजे कैनरीज़ फाइन आर्ट गैलरी में होगा। विनर्स को सांसद शंकर लालवानी पुरस्कृत करेंगे। प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए जाएंगे। देवलालीकर कला वीथिका में लाइव डेमो में चित्रकार योगेंद्र सेठी, हरेंद्र शाह, रमेश खेर तथा शंकर शिंदे की बनाई पेंटिंग सांसद को भेंट की जाएगी। 17 सितंबर को आयोजित की गई यह काम्पीटिशन सांसद सेवा संकल्प, कैनरीज़ फाइन आर्ट गैलरी और देवलालीकर आर्ट फाउंडेशन ने वरिष्ठ चित्रकार योगेंद्र सेठी के चित्रों की एकल नुमाइश के दौरान आयोजित की थी। इस पूरे कार्यक्रम में रीतेश पाटनी और दीपक लवंगड़े का सहयोग रहा। इसमें 50 से ज्यादा भागीदारों ने भाग लिया। उन्होंने दो घंटे में केंद्र सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर चित्र रचे। इसमें ललित शाह को पहला, अतुल गौर को दूसरा और वरदान सोनी को तीसरे पुरस्कार के लिए चुना गया है।राघव सिंह, प्रज्ञा पटेल और रेणुका सोनी को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। इस काम्पीटिशन के निर्णायक थे चित्रकार योगेंद्र सेठी, हरेंद्र शाह, रमेश खेर और शंकर शिंदे।

### रेडबस दिवाली सीजन की तैयारियों में जुटा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बस बुकिंग में 53% वृद्धि की उम्मीद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● दिवाली नजदीक आने के साथ ही त्योहारी यात्रा में तेज़ी देखने को मिल रही है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कुल बस बुकिंग में 53% की बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। यह आंकड़ा रेडबस प्लेटफॉर्म के डेटा पर आधारित है, जिसमें इस साल के त्योहारी सीजन (15 से 27 अक्टूबर 2025) की बुकिंग की तुलना पिछले साल की समान अवधि (25 अक्टूबर से 6 नवंबर) से की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, अंतरशहरी यात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जैसे-जैसे लोग अपने प्रियजनों के साथ त्योहार मनाने या छोटी छुट्टियों पर जाने की तैयारी कर रहे हैं, बसें यात्रा का पसंदीदा माध्यम बनी हुई हैं, जो यात्रा के बदलते रुझानों, लोकप्रिय मार्गों और जनसांख्यिकीय बदलावों को दर्शाती हैं।

### रेलवे ने दी बड़ी खुशखबरी, भीड़ को कहें अलविदा, शहरों के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● दीपावली के त्योहार पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए भारतीय रेलवे ने एक विशेष साप्ताहिक ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन इंदौर के पास स्थित डॉ. आंबेडकर नगर (महू) से राजस्थान की राजधानी जयपुर के बीच चलेगी, जिससे मालवा अंचल के हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। त्योहारी भीड़ को कम करने और आरामदायक सफर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, यह स्पेशल ट्रेन अक्टूबर और नवंबर माह में कुल तीन फेरे लगाएगी। गाड़ी संख्या 09727, जयपुर-डॉ. आंबेडकर नगर साप्ताहिक स्पेशल, 17, 24 और 31 अक्टूबर (शुक्रवार) को दोपहर 1:00 बजे जयपुर से रवाना होगी और अगले दिन (शनिवार) देर रात 1:30 बजे महू पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09728, डॉ. आंबेडकर नगर-जयपुर साप्ताहिक स्पेशल, 18, 25 अक्टूबर और 1 नवंबर (शनिवार) को सुबह 5:20 बजे महू से चलकर उसी दिन शाम 6:10 बजे जयपुर पहुंचेगी।

# बीच सड़क भारी हंगामा, महिला ट्रैफिक आरक्षक के साथ मारपीट, वर्दी तक फाड़ डाली,तगड़ा बवाल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● क्राइम की एक सनसनी खेज मामला सामने आया है। ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात महिला आरक्षक के साथ मारपीट हुई है। आरोपी युवती ने आरक्षक महिला के साथ झूमाझटकी की और वर्दी तक फाड़ दी। दरअसल ई-रिक्शा के किराए को लेकर हुए विवाद में सड़क पर घमासान देखने को मिला।

जानकारी के मुताबिक इंदौर के परदेशीपुरा क्षेत्र में उस समय हंगामा मच गया जब एक ई-रिक्शा में सवार दो महिलाओं के बीच किराए को लेकर विवाद हो रहा था. इसी दौरान समझाइश और शांति कराने के लिए महिला ट्रैफिक आरक्षक पहुंचती है लेकिन एक युवती ने पुलिस के साथ ही मारपीट कर दी। आरोपी युवती ने न सिर्फ महिला आरक्षक के साथ बदसलूकी की, बल्कि उनकी वर्दी भी फाड़ दी।

### महिला आरक्षक विवाद सुलझाने पहुंची थी

पूरी घटना पाटनीपुरा चौराहे की है, जहां पूर्वी ट्रैफिक थाने में पदस्थ महिला आरक्षक दामिनी पाटिल ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात थीं। आरक्षक दामिनी ने बताया कि उन्होंने चौराहे पर एक ई-रिक्शा में दो महिलाओं को झगड़ते देखा, जिसके बाद वह विवाद शांत कराने पहुंचीं। झगड़ा रिक्शे के किराए को लेकर हो रहा था।

दामिनी के अनुसार, जब उन्होंने झगड़ रही युवती को शांत करने की कोशिश की, तो वह उल्टा उन्हीं से बहस करने लगी और गाली-गलौज करते हुए हाथापाई पर उतर आई। इस दौरान युवती ने आरक्षक की वर्दी भी फाड़ दी। पुलिस ने महिला आरक्षक की शिकायत पर आरोपी युवती गौरी, पिता अशोक सारस्वत, निवासी नेहरू नगर के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, अभद्र व्यवहार और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## किन्नरों का हंगामा : 20 से ज्यादा ने पीया फिनाइल, पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के नंदलालपुरा क्षेत्र में चल रहे किन्नरों के आपसी विवाद के बाद एक गुट के करीब 22 किन्नरों ने फिनाइल पीकर आत्महत्या की धमकी दी है। वे बुधवार रात को अपने डेरो से नीचे उतरे और हंगामा करने लगे। इसके बाद एक साथ फिनायल पी लिया। इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिसकर्मी मौके पर गए और ऑटोरिक्शा व एम्बुलेंस में किन्नरों को एमवाय अस्पताल लाया गया। इनमें से एक किन्नर की हालत गंभीर भी बताई जा रही है। नंदलालपुरा में किन्नर के दो लंबे समय से आपसी विवाद चल रहा है। मंगलवार को किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर लक्ष्मी त्रिपाठी भी इंदौर आई थीं और विवाद को लेकर अफसरों से मुलाकात भी की थी। उधर एक किन्नर की शिकायत पर पुलिस ने दो मीडियाकर्मियों के खिलाफ केस भी दर्ज किया है। कई दिनों से चल रहे आ रहे किन्नरों के इस विवाद में पूर्व में भी एसआईटी गठित हो चुकी है, लेकिन जांच पूरी नहीं हो पाई। फिनाइल पीने के बाद एक गुट से जुड़े किन्नरों ने नंदलालपुरा चौराहे पर चक्काजाम भी किया। इस दौरान मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। किन्नर काफी देर तक हंगामा करते रहे। पुलिस ने समझा कर चक्काजाम खुलवाया।

## 251 छात्राओं को रोटरी क्लब द्वारा शैक्षिक पुस्तकें एवं स्कूल बेग का दिवाली गिफ्ट दिया गया



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शासकीय सांदीपनी अहिल्याश्राम कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 9वीं तथा प्रतिभाशाली 251 कन्याओं को इंग्लिश किट एवं स्कूल बैग का दिवाली गिफ्ट रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स की ओर से प्रदान किया गया। प्रत्येक छात्रा को लगभग 2100 मूल्य की सामग्री दी गई। यह पाकर बच्चों के मुख प्रसन्नता से दमक गए।

कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। वंदना एवं स्वागत गीत की सुमधुर प्रस्तुति संस्था की दिव्यांग बालिकाओं ने दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्रीमती अनिता चौहान ने रोटरी क्लब के इस प्रयास के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि इससे छात्रों को बहुत लाभ मिलेगा। क्लब के अध्यक्ष भानु तापड़िया ने अपने उद्बोधन में बच्चों को महापुरुषों से प्रेरणा लेकर अपने कैरियर को ऊंचाई देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रोटरी 3000 बच्चों को लाभान्वित करेगा। यह किट इंफोटेक के वैभव नागोरी एवं ओसिया ग्रुप के पंकज कटारिया के सहयोग से प्राप्त हुआ। रोटरी क्लब 3040 के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अक्षत गुप्ता ने रोटरी अंतरराष्ट्रीय की शिक्षा योजना पर प्रकाश डालते हुए सरकारी स्कूल के बच्चों के उत्थान की सेवाओं को विस्तार से समझाया, बच्चों को प्रौढ़ शिक्षा के लिए जागरूक किया।

# जनसुनवाई में आई बुजुर्ग महिला का दुख नहीं देख पाए कलेक्टर

### अपनी कुर्सी से उठे और उन्हें कुर्सी पर बिठाया, बेटे की तरह सुना दर्द

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर से एक भावुक करने वाला और कलेक्टर के मानवीय पहलू का किस्सा सामने आया है। दरअसल कलेक्टर की जनसुनवाई में कलेक्टर ने बुजुर्ग महिला की मदद की, कलेक्टर ने महिला के पास पहुंचकर उनकी समस्या को जाना और महिला की दिक्कत को तुरंत सुलझाते हुए पेंशन दिलाने के आदेश जारी किए। इससे महिला की चेहरे पर खुशी साफ देखी जा सकती थी



दरअसल इंदौर के कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी समस्या को लेकर पहुंचे थे। इस दौरान एक भावुक पल भी देखने को मिला जब एक बुजुर्ग महिला भी यहाँ पहुंची। महिला लगातार खड़े होकर अपना आवेदन देने का प्रयास कर रही थी लेकिन कामयाब नहीं हो पा रही थी, इसी बीच कलेक्टर शिवम वर्मा की नजर उन पर पड़ी, कलेक्टर तुरंत अपनी कुर्सी से उठे और महिला के पास पहुंचकर उन्हें कुर्सी पर बैठाया। जब महिला की समस्या कलेक्टर ने जानी को वो हैरान रह गए, बुजुर्ग महिला को दो वर्षो से पेंशन नहीं मिल रही है और अधिकारी लगातार कार्यालय के चक्कर लगवा रहे थे। कलेक्टर ने इसे गंभीर मामला माना और भड़क गए, मौके पर ही कलेक्टर ने अधिकारी को बुलाया और उसे फटकार लगाईं। इसके बाद लापरवाही बरतने वाले सचिव का वेतन काटकर महिला को दो साल की पेंशन देने के आदेश दिए.इस आदेश से महिला के चेहरे पर रौनक लौट आई और वो कलेक्टर का आभार जताते नहीं थक रही थी। 2 सालों की समस्या को कलेक्टर की संजीदगी ने पल में दूर कर दिया।

# भावातंर योजना और भूमि अधिग्रहण के खिलाफ किसानों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● किसानों की समस्याओं के प्रति सरकार की बेरुखी के खिलाफ आज पूरे प्रदेश में संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर किसानों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिए । उसी के तहत इंदौर में भी कलेक्टर कार्यालय पर विभिन्न किसान संगठनों से जुड़े किसानों ने प्रदर्शन कर प्रदेश और स्थानीय स्तर की मांगों का ज्ञापन सोपा। मुख्यमंत्री के नाम सोफे गए ज्ञापन में किसान संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने किसानों की समस्याओं के प्रति बेरुखी कायम रखी तो 27 अक्टूबर को प्रदेश के कोने-कोने से हजारों किसान भोपाल




पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। आज के इस प्रदर्शन का नेतृत्व रामस्वरूप मंत्री, बबलू जाधव ,अरुण चौहान , शैलेंद्र पटेल, चंदन सिंह बड़वाया और सोनू शर्मा ने किया। प्रदर्शन में संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े संगठन किसान संघर्ष समिति, अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान मजदूर सेना, अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन आदिवासी किसान सभा और किसान सभा अजय भवन से जुड़े किसानों ने भागीदारी की। कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है किपिछले कुछ वर्षों से प्रदेश का अन्नदाता लगातार प्राकृतिक आपदाओं, बाज़ार में गिरते दामों, बीमा कंपनियों की मनमानी, और सरकारी योजनाओं की विफलताओं के चलते गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहा है। हाल ही में अतिवृष्टि और फसल खराबे के कारण कई किसानों को आत्महत्या जैसे कठोर कदम उठाने के लिए विवश होना पड़ा है, जो अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। यह स्थिति उस राज्य में उत्पन्न हुई है जहाँ देश के कृषि मंत्री स्वयं सांसद हैं — यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

## आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ अनूठा प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भारतीय संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अनिल मिश्रा और सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई बीआर गवई पर जूता फेंकने का प्रयास करने वाले राकेश किशोर के खिलाफ डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति ने गीता भवन चौराहा स्थित अम्बेडकर प्रतिमा पर एक अनूठा प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया । बाबा साहब अम्बेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अनिल मिश्रा के पुतले की गन्दी जुबान को फिनाइल और वाइपर से धोकर मोड़ दिया। और सीजेआई बीआर गवई पर जूता फेंकने का प्रयास करने वाले राकेश किशोर के पुतले को जूतों की माला पहनाकर जूते मारे और दोनों के पुतले सड़क पर पटके, जिसपर से वाहन गुजरते रहे। इस अवसर पर समिति के मुरलीधर राहुल मेटांगे, भीमराव सरदार, रघुवीर मरमट, ईश्वर तायड़े, योगेंद्र गवांदे, भारत निम्बाड़कर, राकेश बंदावड़े, उमेश लोदवाल, सिद्धार्थ वाकोड़े, संतोष इंगले के साथ भारतीय संविधान सम्मान समिति लखनऊ की राष्ट्रीय महामंत्री बौद्धमती विमलादेवी, भारतीय संविधान सम्मान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते विभुतवंश, भंते सिद्धार्थ बोधि, भिक्षुणी सासन जीना, भिक्षुणी संघशीला, रमाबाई वाघमारे, कांताबाई गायकवाड़ उपस्थित थे।

## सांवेर ट्रैक्टर ट्रॉली हादसे में घायल महिला की मौत, मृतक संख्या बढ़कर चार हुई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सांवेर के समीप चंद्रावतीगंज में सोमवार को हुए ट्रैक्टर ट्रॉली हादसे में घायल एक महिला की भी मौत हो गई। ट्रॉली गड्ढे में पलटने से तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई थी और 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। घायलों को इंदौर के अरविंदो और एमवाय हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती किया गया था। आठ लोग अभी भी भर्ती हैं। उन्हें गंभीर चोटें लगी है, जबकि बाकी की छुट्टी हो चुकी है। चंद्रावतीगंज में यह घटना सड़क के एक मोड़ पर हुई थी। हादसे में घायल पप्पी बाई की बुधवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। वह ट्रॉली के नीचे दबी थी। हादसे में मृत लोगों को प्रदेश सरकार ने चार-चार लाख रुपये की मदद की है। ट्रॉली में सवार मजदूर रतनखेड़ी गांव से काम करने के बाद अपने गांव लौट रहे थे। तभी यह हादसा हुआ। मौके पर ही ट्रॉली में सवार दो महिला कमला बाई और जानी बाई की मौत हो गई थी। एक नाबालिग की मौत अस्पताल ले जाते समय हुई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मंत्री और सांवेर के विधायक तुलसी सिलावट भी अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने परिजनों की आर्थिक मदद करने और घायलों को उपचार के लिए पैसा देने के लिए पिछले दिनों अफसरों की बैठक भी ली थी।

## 'साफ हाथ-सेहत का साथ', इंदौर ने उठाया ये बड़ा कदम



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर, इंदौर नगर निगम ने साफ हाथ-सेहत का साथ थीम पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। शहर की गरीब बस्तियों को लक्षित करते हुए यह कार्यक्रम रघुनंदन बाग में आयोजित किया गया, जिसमें निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव और अन्य निगम अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव ने कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि नागरिक सही तरीके से हाथ धोने की आदत अपना लें, तो शहर न केवल स्वच्छ बनेगा, बल्कि स्वस्थ भी रहेगा। साफ हाथ हमें कई गंभीर बीमारियों से बचा सकते हैं। इस अवसर पर यूनिसेफ के विशेषज्ञों ने उपस्थित लोगों को सुमन-के पद्धति का उपयोग करके हाथ धोने की सही प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने दिन के पांच महत्वपूर्ण अवसरों पर हाथ धोने की आदत डालने पर बल दिया- भोजन करने से पहले, भोजन पकाने से पहले, शौच के बाद, कचरे को छूने के बाद और बच्चों की देखभाल करने के बाद।

# पुलिस की शक्ति मोबाइल टीमों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर पुलिस कमिश्नर इंदौर ने पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में त्यौहारों के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में महिलाओ की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए भक्ति स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस आयुक्त इंदौर नगरीय श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा शहर के सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस बल सहित 13 शक्ति मोबाइल का गठन कर, नवरात्री पर्व के दौरान गरबा पांडाल, दशहरे करवा चौथ आदि विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान असामाजिक तत्वों पर निगरानी हेतु लगातार पेट्रोलिंग के लिए लगाया गया था। शक्ति मोबाइल टीमो द्वारा इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर,



पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह द्वारा उक्त शक्ति मोबाइल टीमों के 50 पुलिसकर्मियों को आज कार्यलय में प्रशस्ति पत्र व नगद ईनाम देकर पुरुस्कृत किया गया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह द्वारा सभी टीमों द्वारा किये गये कार्यों कि सराहना करते हुए कहा कि आपने उक्त त्योहारों के दौरान अपने कर्तव्य का निर्वहन जिस लगन व उत्साह के साथ ही पूर्ण जिम्मेदारी के साथ किया वह प्रशंसनीय है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए आगे भी इसी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025

## न्यूज इन ब्रीफ

### माहेश्वरी समाज के जिला अध्यक्ष रामस्वरूप धूत के निधन पर गीता भवन में शोक सभा

**इंदौर ●** गीता भवन के न्यासी मंडल द्वारा बुधवार को सुबह नियमित सत्संग सत्र के बाद स्वामी हंस चैतन्य महाराज के सानिध्य में माहेश्वरी समाज के जिला अध्यक्ष एवं गीता भवन सत्संग समिति के सदस्य रहे रामस्वरूप धूत के आकस्मिक निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी, प्रेमचंद गोयल, महेश चंद्र शास्त्री, समाजसेवी विष्णु बिंदल, दिनेश मित्तल, मनोहर बाहेती सहित सत्संग समिति के सदस्यों ने धूत के सेवा कार्यों एवं गीता भवन में कई वर्षों तक अ.भा. गीता जयंती महोत्सव के दौरान माहेश्वरी मारवाड़ी प्रगति मंडल के माध्यम से संतों एवं भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था संभालने जैसी अनेक सेवाओं का उल्लेख करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । ट्रस्ट के मंत्री रामविलास राठी ने स्व. धूत के माहेश्वरी समाज के प्रति किए गए सेवा कार्यों का भी उल्लेख किया और कहा कि उनके अधूरे संकल्पों को पूरा करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

### लायंस क्लब ऑफ़ इंदौर जुनून की संस्थापन विधि में पाँच कन्याओं के सामूहिक विवाह कराने का संकल्प



**इंदौर ●** लायंस क्लब ऑफ़ इंदौर जुनून का संस्थापन समारोह लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. अनिल खंडेलवाल, विश्व ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष पं. योगेंद्र महंत एवं पं. गोपाल राव जोशी के आतिथ्य में राष्ट्रगान, गणेश वंदना एवं ध्वज वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। इस मौके पर रीजन 3 की चेयर पर्सन मंजूलता मंडलोई ने पांच कन्याओं का निशुल्क सामूहिक विवाह कराने का संकल्प लिया और एक जरूरतमंद परिवार को राशन सामग्री भेंटकर अपने सेवा कार्यों का श्रीगणेश किया। साउथ तुकोगंज स्थित एक होटल में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. अनिल खंडेलवाल ने नवनिर्वाचित टीम को प्रभावी ढंग से शपथ दिलाई। दीप प्रज्वलन के पश्चात ला. मंजू मंडलोई ने स्वागत उदबोधन में अपने नए सत्र की सेवा गतिविधियों का विवरण देते हुए पांच कन्याओं के सामूहिक विवाह का संकल्प व्यक्त किया और एक जरूरतमंद परिवार को राशन सामग्री भेंट की।

### श्री श्री विद्या धाम पर दीपावली महोत्सव का शुभारंभ शनिवार से, अन्नकूट महोत्सव आंवला नवमी पर

**इंदौर ●** विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर दीपावली महोत्सव का शुभारंभ महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के आतिथ्य में शनिवार, 18 अक्टूबर को धनतेरस, धन्वंतरि जयंती एवं यम दीपदान के साथ होगा। आश्रम का अनुकूट महोत्सव आंवला नवमी पर गुरुवार, 30 अक्टूबर को मनाया जाएगा । आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा , पं. दिनेश शर्मा एवं राजेंद्र महाजन ने बताया कि शनिवार से प्रारंभ हो रहे दीपावली महोत्सव के दौरान रविवार, 19 अक्टूबर को रूप चतुर्दशी, सोमवार, 20 अक्टूबर को दीपावली पर्व पर महालक्ष्मी पूजन, मंगलवार, 21 अक्टूबर को पितृ कार्य अमावस्या पर स्नान, दान तथा देव एवं पितृ पूजन, बुधवार, 22 अक्टूबर को गो-गोवर्धन पूजा, गुरुवार, 23 अक्टूबर को भाई दूज ,29 अक्टूबर को गोपा अष्टमी पर गौ पूजन एवं गौ माता के लिए विशेष अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें गोवंश को छप्पन भोग समर्पित कर महाआरती की जाएगी। शनिवार, 1 नवंबर को देव प्रबोधिनी एकादशी पर तुलसी शालिग्राम विवाह होगा। श्री श्रीविद्याधाम पर देश का दूसरा शालिग्राम मंदिर है।

## रेडिसन चौराहे का नाम भगवान परशुराम चौराहा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** शहर में प्रमुख स्थलों के नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नगर निगम की महापौर परिषद द्वारा गठित समिति ने बुधवार को रेडिसन चौराहे का नाम भगवान परशुराम चौराहा रखने सहित दस उद्यानों, सड़कों और चौराहों के नामकरण को मंजूरी दी। जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में इन प्रस्तावों पर सहमति बनी, जिन्हें अब महापौर परिषद की बैठक में रखा जाएगा। नगर निगम क्षेत्र में कई प्रमुख स्थलों और उद्यानों के नाम बदलने की दिशा में बुधवार को बड़ा निर्णय लिया गया। महापौर परिषद द्वारा गठित समिति ने रेडिसन चौराहे का नाम भगवान परशुराम चौराहा रखने सहित दस उद्यानों, सड़कों और चौराहों के नामकरण प्रस्तावों पर सहमति दी। समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति सदस्य और यातायात विभाग प्रभारी राकेश जैन सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में शहर के विभिन्न मार्गों, उद्यानों और चौराहों के नामकरण के लिए प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा के बाद अंतिम निर्णय लिए गए। राठौर ने बताया कि-प्रस्तावों पर समिति की सहमति बनी है, उन्हें महापौर परिषद की बैठक में रखा जाएगा। परिषद की स्वीकृति मिलने के बाद इन्हें परिषद सम्मेलन में अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा।



### इन नामों पर बनी सहमति

- केदार नगर कालोनी स्थित गणेश मंदिर उद्यान का नाम अब महाराणा प्रताप उद्यान होगा।
- केशव नगर गरीब नवाज कालोनी स्थित उद्यान का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज उद्यान रखा गया है।
- स्मृति नगर चीकू वाले उद्यान का नाम देवी अहिल्या बाई होलकर उद्यान किया गया।
- स्कीम 74 बीजी विजय नगर स्थित उद्यान, जो पहले सिसोदिया उद्यान के नाम से जाना जाता था, अब देवी अहिल्या बाई उद्यान कहलाएगा।
- स्कीम 140 के सामने स्थित उद्यान का नाम गोविंद मालू उद्यान रखा गया है।
- आलोक नगर उद्यान और पिपल्याहाना तालाब की पाल पर स्थित उद्यान का नाम समीर चिटनीस उद्यान रखा गया।
- खड़े गणपति से टीसीएस चौराहा मार्ग सुपर कॉरिडोर तक की सड़क को राव तुलाराम सड़क नाम दिया गया है।
- रेडिसन चौराहा का नाम अब भगवान परशुराम चौराहा होगा।
- रेशम गली मार्ग का नाम स्व. धरमचंद पांचाल मार्ग रखा गया।
- पंचम की फेल के सामने स्थित मुख्य मार्ग का नाम श्री मनमोहन पार्श्वनाथ भगवान मार्ग किया गया है।

## दादू महाराज संस्थान की सार्थक दीपावली



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** महामंडलेश्वर दादू महाराज संस्थान के सदस्यों ने सेवा और समर्पण की भावना के साथ सार्थक दीपावली पर्व मनाया। शहर के प्रसिद्ध पितृ पर्वत के सामने स्थित कुष्ठ रोगी आश्रम में संस्थान के भक्तों ने वहां रहने वाले बच्चों, परिवारजनों और बुजुर्गों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। संस्थान द्वारा यह पुनीत कार्य पिछले 10 वर्षों से निरंतर रूप से किया जा रहा है। इस वर्ष भी भक्तों ने फल, मिठाई, चॉकलेट, बिस्किट, नमकीन, पटाखे और अन्य सामग्री वितरित की। साथ ही दीपावली के उपलक्ष्य में 1000 से अधिक वस्त्रों का दान किया गया। शनिदेव के जयकारों के साथ भक्तों ने दीप प्रज्वलित किए और आश्रम परिसर को सैकड़ों दीपों से सजाया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति, प्रेम और प्रकाश से आलोकित हो उठा। संचालन विजय अंबेकर ने किया । इस अवसर पर संस्थान के प्रताप तोलानी, मनोज हार्डिया, संजय अग्रवाल, आशीष साहू, नवीन मंडलोई, राहुल बुंदेला, सन्नी जादम, सुमित बालानी, सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे। उक्त जानकारी संस्थान के माधव माहेश्वरी (इंदौरी) ने दी ।

## राजबाड़ा, सराफा सहित अन्य इलाके के लिए 4 रैपिड एक्शन स्क्वाड तैयार



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** दीपावली त्योहार के चलते राजबाड़ा, छोटा-बड़ा सराफा, आड़ा बाजार के अलावा सीतलामाता बाजार, गोराकुंड चौराहे वाले इलाकों में 24 घंटे लगातार विद्युत सप्लाय बना रहे, इसके लिए विद्युत कंपनी ने सुभाष चौक विद्युत झोन में 4 रैपिड एक्शन स्क्वाड टीम तैयार की हैं।

सुभाष चौक झोन के सहायक अभियंता इंजीनियर भास्कर घोष के अनुसार बनाई 4 रैपिड एक्शन स्क्वाड टीम में विद्युत कंपनी के 8 सहायक इंजीनियर स्तर के अधिकारी और 8 आउटसोर्स कंपनी के कर्मचारियों को शामिल किया गया है। सुभाष चौक झोन संबंधित इलाके में अगर किसी कारण बिजली गुल होती है तो यह रैपिड एक्शन स्क्वाड 5 से 10 मिनट के अंदर मौके पर पहुंचकर विद्युत सप्लाय की रुकावट संबंधित समस्या को हल कर देगा।

### त्योहारों पर बने हॉट स्पॉट इलाके

पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक अभियंता घोष ने बताया कि विशेष त्योहारों के चलते राजबाड़ा, यशवंत निवास रोड , बड़ा और छोटा सराफा, सीतलामाता बाजार, गोराकुंड चौराहा, कपड़ा बाजार यह सब शहर के हॉट स्पॉट इलाके बन जाते हैं। दीपावली जैसे त्योहारों पर खरीदारी के चलते कुछ दिनों तक यह इलाके रात को लगभग 3 बजे तक आबाद रहते हैं।

### हॉट स्पॉट इलाकों में 4 अस्थायी कंट्रोल रूम

इंदौर शहर की हृदय स्थली कहलाने वाले राजबाड़ा से जुड़े इन हॉट स्पॉट इलाकों में विद्युत व्यवस्था बिलकुल नही गड़बड़ाए, इसलिए इन दिनों सुबह 6 से 9 बजे के बीच स्पेशल मेंटेनेंस अभियान चलाया जा रहा है। इसकी जिम्मेदारी रैपिड एक्शन स्क्वाड टीम को दी गई है। इन चारों स्क्वाड टीमों को बनाए गए अस्थायी कंट्रोल रूम पर तैनात किया गया है। यह अस्थायी कंट्रोल रूम राजबाड़ा, बजाजखाना चौक, सराफा बाजार, गोराकुंड चौराहा पर बनाए गए हैं। यह सभी अस्थायी कंट्रोल रूम सुभाष चौक विद्युत झोन से जोड़े गए हैं।

## दीपावली से पूर्व होंगे क्रमोन्नति के आदेश जारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** मप्र शासकीय शिक्षक संगठन इंदौर के संरक्षक हरीश बोयत, प्रांतीय महामंत्री अशोक मालवीया व जिलाध्यक्ष प्रवीण यादव ने बताया कि 2018 से पूर्व के वे शिक्षक जिनकी क्रमोन्नति जिला पंचायत से होना थी लेकिन नियमों की अस्पष्टता के कारण क्रमोन्नति के आदेश नहीं निकल पा रहे थे। जिसके संबंध में संगठन पिछले कई दिनों से प्रयासरत था।

संगठन ने जिला पंचायत सीईओ को पिछले सप्ताह ज्ञापन दिया था जिसे सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन जी ने ज्ञरु में लिया था। आज संगठन के मिलने पर उन्होंने आश्वस्त किया कि दीपावली से पहले क्रमोन्नति के आदेश जारी हो जाएंगे। संगठन ने सीईओ साहब का आभार माना। आज प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से हरीश बोयत, रमेश यादव, अशोक मालवीया, प्रवीण यादव, आनंद हार्डिया, संजय पांडे, अरुण पाण्डेय आदि साथी उपस्थित रहे।

## भोपाल, इंदौर-सागर संभाग में रातें ठंडी, पारा 17ए से नीचे-दक्षिणी हिस्से के 9 जिलों में आज बादल छाएंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** भोपाल, इंदौर और सागर संभाग में रातें ठंडी हो गई है। यहां पारा 17 डिग्री से नीचे है। वहीं, दक्षिणी हिस्से के 9 जिले-खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी और बालाघाट में आज बादल छाने और बूंदाबांदी होने का अनुमान है।

मौसम विभाग के अनुसार, मानसून के लौटने के बाद भी प्रदेश में बूंदाबांदी वाला मौसम है। बुधवार को दक्षिणी हिस्से के कुछ जिलों में मौसम का मिजाज बदला हुआ रहा। दिन में बादल छाने की वजह से टेम्प्रेचर 29 डिग्री तक पहुंच गया। कुछ जगह बूंदाबांदी भी हो गई। हालांकि, यह रिकॉर्ड नहीं की गई ।उधर, मंगलवार-बुधवार की रात में कई शहरों में पारा 20 डिग्री से कम रहा। छतरपुर के नौगांव में 15.4 डिग्री, रीवा में 18.2 डिग्री, टीकमगढ़ में 17.8 डिग्री, मलाजखंड में 19.2 डिग्री, दतिया में 17.1 डिग्री, धार में 17.4 डिग्री, गुना में 19 डिग्री, खंडवा में 15.4 डिग्री खरगोन में 15.8 डिग्री, राजगढ़ में 16.6 डिग्री, रतलाम में 18.6 डिग्री, श्योपुर में 18.4 डिग्री, शिवपुरी में 16 डिग्री दर्ज किया गया।



बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 20.6 डिग्री, ग्वालियर में 18 डिग्री, इंदौर में 18.2 डिग्री, उज्जैन में 20 डिग्री और जबलपुर में 20.3 डिग्री रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, पूरे प्रदेश से मानसून विदा हो गया है, लेकिन आने वाले एक सप्ताह तक दक्षिणी हिस्से में गरज-चमक और हल्की बारिश का दौर बना रहेगा। इस साल मानसून 3 महीने 28 दिन एक्टिव रहा। 16 जून को प्रदेश में मानसून की एंट्री हुई थी और 13 अक्टूबर को वापसी की। बावजूद बारिश का दौर बना रहेगा। मौसम विभाग ने 16, 17 और 18 अक्टूबर को गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, दक्षिणी हिस्से के जिलों में हल्की बारिश का दौर बना रहेगा। बुधवार को मौसम साफ रहा, लेकिन गुरुवार को गरज-चमक और बूंदाबांदी हो सकती है। इस बीच प्रदेश में रातें ठंडी हो गई है। हवा का रुख बदलने से ऐसा हो रहा है। दरअसल, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ों में बर्फबारी हो रही है। इस वजह से उत्तरी हवा चल रही है और मध्यप्रदेश में ठंडक बढ़ा रही है।

## छात्रा से छेड़छाड़-आते जाते अश्लील इशारे करता था आरोपी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी छात्रा के साथ आते जाते अश्लील इशारे करता था। पीड़िता ने अपने परिवार को इसकी जानकारी दी । जिसके बाद परिवार ने मंगलवार को थाने में आरोपी के खिलाफ एफआईआर कराई है। पुलिस के मुताबिक 19 साल की युवती की शिकायत पर आशीष पुत्र किशोर चौहान निवासी राही नगर रघुवंशी कॉलोनी के खिलाफ मामले के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पीड़िता निजी कॉलेज से एलएलबी की पढ़ाई कर रही है। आशीष चौहान उसके किराएदार के यहां एक दुकान पर आकर बैठता था। जब वह यहां से निकलती आते जाते छेडछाड़ करने के साथ ही अश्लील इशारे करता है। उसे पीड़िता के भाई ने पूर्व में समझाइश भी दी थी। इसके बाद उसने घर के यहां आना जाना बंद कर दिया था। एक हफ्ता से वह फिर से आने जाने लगा। मंगलवार को पीड़िता इलाके के मेडिकल से अपने घर की तरफ आ रही थी।

तभी रास्ते में आशीष चौहान ने उसे देखा और अश्लील इशारा किया। उसे आंख मारी। इसके बाद कमेंट्स कर साथ में चलने की बात कही। पीड़िता वहां से डरते हुए वहां से घर पहुंची। अपनी मां को पूरी जानकारी दी ओर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

## भारतीय कृषि दर्शन प्रकृति के साथ, संस्कृति, परंपरा और आत्मनिर्भरता का सतत विकास का प्रकल्प है - डॉ भरत शर्मा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** कृषि भूमि पत्रिका के नवसंस्करण के विमोचन अवसर पर उक्त वक्तव्य संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार सदस्य - डॉ भरत शर्मा ने दिए। आपने कहा कि भारतीय संस्कृति में कृषि केवल जीविकोपार्जन का साधन नहीं, बल्कि जीवन पद्धति का हिस्सा रही है । भारत की आत्मा गांवों में बसती है, और गांवों का जीवन कृषि में। किसान का सम्मान करना, कृषि उपक्रम को सशक्त बनाना और उसकी कृषि एवं ग्रामीण परंपराओं को संरक्षित करना राष्ट्र की प्राथमिकता है । किसान उत्पादक संगठन और सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किसानों की आय और बाजार तक पहुंच बढ़ रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुदेश तिवारी ने कहा कि कृषि अब व्यवसाय के स्वरूप में जैविक खेती, फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, निर्यात और एग्री-टेक के माध्यम से कृषि एक बड़े उद्योग का रूप ले रही है।



डेयरी, मत्स्य पालन, और बागवानी नए रोजगार के क्षेत्र खोल रहे हैं। कृषि भूमि के प्रबंध संपादक सुबोध मिश्रा ने अपनी मासिक पत्रिका के विमोचन अवसर पर डॉ भरत शर्मा और वरिष्ठ पत्रकार सुदेश तिवारी का सम्मान किया और कृषि भूमि पत्रिका के प्रबंधन मंडल के सदस्य, उद्योगपति राकेश खंडेलवाल, वीरेंद्र पुराणिक, शिक्षाविद राजीव झालानी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रेलवे ने दी बड़ी खुशखबरी, भीड़ को कहें अलविदा, इन शहरों के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** दीपावली के त्योहार पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए भारतीय रेलवे ने एक विशेष साप्ताहिक ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन इंदौर के पास स्थित डॉ. आंबेडकर नगर (महू) से राजस्थान की राजधानी जयपुर के बीच चलेगी, जिससे मालवा अंचल के हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। त्योहारी भीड़ को कम करने और आरामदायक सफर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, यह स्पेशल ट्रेन अक्टूबर और नवंबर माह में कुल तीन फेरे लगाएगी। गाड़ी संख्या 09727, जयपुर-डॉ. आंबेडकर नगर साप्ताहिक स्पेशल, 17, 24 और 31 अक्टूबर (शुक्रवार) को दोपहर 1:00 बजे जयपुर से रवाना होगी और अगले दिन (शनिवार) देर रात 1:30 बजे महू पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09728, डॉ. आंबेडकर नगर-जयपुर साप्ताहिक स्पेशल, 18, 25 अक्टूबर और 1 नवंबर (शनिवार) को सुबह 5:20 बजे महू से चलकर उसी दिन शाम 6:10 बजे जयपुर पहुंचेगी।

## सम्पादकीय

### भारत में गूगल का निवेश मुनाफे का सौदा, पैदा होंगी करीब 2 लाख नौकरियां

आने वाले दिनों में तकनीक के स्तर पर भारत चिप और कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका की योजना बना रहा है। इसके लिए मजबूत नीतियां तैयार की गई हैं और बड़ी कंपनियों से वैश्विक स्तर पर गठबंधन किए हैं। अमेरिका की वीजा नीति और ट्रंप शुल्क से कारोबारी रिश्तों में दबाव के बीच गूगल की भारत में निवेश की घोषणा अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर बड़ी रणनीतिक सफलता है। विशाखापत्तनम में कृत्रिम मेधा का बड़ा केंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए गूगल समूह पांच साल में 1.33 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा। कृत्रिम मेधा के बढ़ते वैश्विक बाजार में यह निवेश इस बात को रेखांकित करता है कि कारोबार सुगमता के लिहाज से भारत वैश्विक स्तर पर पसंदीदा बना हुआ है। भारत के पास विशाल उपयोगकर्ता आधार है। स्पष्ट है कि आर्थिक कूटनीति के लिहाज से यह परियोजना भारत को वैश्विक स्तर पर मजबूती प्रदान करेगी। तकनीकी ताकत भी बढ़ेगी। इस निवेश की घोषणा के बाद गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया पर जो लिखा, उससे कई सार्थक संकेत मिले हैं। पिचाई के मुताबिक, निवेश से भारत में 1.83 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी। विशाखापत्तनम के कृत्रिम मेधा परिसर की शुरूआती क्षमता एक गीगावाट से कई गीगावाट तक जाएगी। यह परिसर गूगल का अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा कृत्रिम मेधा केंद्र बनेगा, जो भारत को वैश्विक तकनीकी के मानचित्र पर और मजबूत करेगा। कई स्तरों पर इसके दूरगामी नतीजे होंगे। निस्संदेह, जिस तेजी से कृत्रिम मेधा क्षेत्र का विस्तार हो रहा है और अमेरिका तथा चीन जैसे मुल्क इसमें बढ़त लिए हुए हैं, उसे देखते हुए भारत को ऐसे निवेश और तकनीकी सहयोग की बहुत आवश्यकता है। यह कमी गूगल के निवेश से पूरी हो गई है। गूगल उसी देश की कंपनी है, जहां के राष्ट्रपति ने भारत पर शुल्क लगा कर दबाव बनाने की कोशिश की है। वे खुल कर कह चुके हैं कि वे नहीं चाहते, अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करें या निर्माण संयंत्र लगाएं। वे धमकी तक दे चुके हैं। एप्पल कंपनी के मुख्य कार्यकारी टिम कुक को दी गई भारी शुल्क लगाने की धमकी की यादें ताजा हैं। लगता नहीं है कि धमकियों के बावजूद एप्पल व अन्य ने भारत से काम समेटा। दरअसल, आने वाले दिनों में तकनीक के स्तर पर भारत चिप और कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका की योजना बना रहा है।

# भावांतर को लेकर पार्टी भक्ति और राजनीति-भावांतर योजना के नाम पर किसानों की ट्रैक्टर रैली

एए मध्य प्रदेश की धरती पर खेती का रंग हमेशा से ही राजनीति के रंगों से रंगा रहा है। लेकिन हाल के दिनों में एक नया अध्याय जुड़ गया है - भावांतर योजना। यह योजना, जो एक दशक पहले शिवराज सिंह चौहान सरकार के दौर में सोयाबीन और अन्य फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) और बाजार मूल्य के अंतर की भरपाई का वादा करती थी, आज फिर से सत्ता में लौट आई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अगुवाई वाली भाजपा सरकार ने इसे 2025 में पुनः चालू किया, और किसानों को सीधे बैंक खाते में राशि हस्तांतरित करने का दावा किया। लेकिन क्या यह वाकई किसानों की भलाई का प्रतीक है, या फिर एक फ्लॉप शो का दोहराव? और ऊपर से, कुछ भाजपा समर्थित किसानों द्वारा निकाली गई ट्रैक्टर रैलियां-क्या ये सच्ची खुशी का इजहार हैं, या पार्टी भक्ति का खुला प्रदर्शन भावांतर योजना का इतिहास किसी कड़वी दवा जैसा है-शुरुआत में उम्मीद जगाती है, लेकिन अंत में सबको निराश कर देती है। 2017 में शुरू हुई यह योजना, जो बाजार की अस्थिरता से किसानों को बचाने का दावा करती थी, जल्द ही घोटालों और असफलताओं की भेंट चढ़ गई।

मंडी में भाव कम होने पर अंतर की राशि देने का वादा था, लेकिन पात्रता साबित करने के नाम पर कागजी कार्रवाई ने हजारों किसानों को परेशान कर दिया। आंकड़े झूठ नहीं बोलतेः राज्य के विधानसभा चुनावों के दौरान ही योजना पर सवाल उठे, जब किसानों ने आरोप लगाया कि राशि वितरण में भेदभाव हुआ। एक रिपोर्ट के मुताब्द अनुसार, योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों का प्रतिशत महज 30% रहा, बाकी सब %पात्रता% के जाल में फंस गए। फिर भी, 2025 में भाजपा सरकार ने इसे किसान हितैषी बताकर पुनः लॉन्च किया। सोयाबीन उत्पादकों को तुरंत राहत देने का दावा है, लेकिन क्या यह पुरानी गलतियों का दोहराव नहीं और इसी योजना के सफल क्रियान्वयन के नाम पर हाल ही में इंदौर, उज्जैन और देपालपुर में निकली ट्रैक्टर रैलियां देखिए। सैकड़ों-कह लीजिए हजारों-ट्रैक्टर सजे-धजे, बैनरों से लदे, मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम पर नारे लगाते हुए सड़कों पर उतरे। देपालपुर में रात के अंधेरे में ही तैयारियां हो गईं, और सुबह होते ही ट्रैक्टरों का काफिला शहर भर में घूमने लगा। उज्जैन के चिमनगंज मंडी से दशहरा मैदान तक का सफर, जहां किसानों ने भावांतर योजना जिंदाबाद के नारे लगाए। भाजपा ने इसे किसानों की स्वतःस्फूर्त अभिव्यक्ति बताया, लेकिन सच्चाई तो साफ दिख रही है-ये रैलियां पार्टी की मशीनरी द्वारा संगठित हैं। स्थानीय भाजपा विधायक और संगठन मंत्री किसानों को इकट्ठा करने में जुटे रहे, ट्रैक्टरों पर पार्टी के झंडे लहराए गए, और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए गए। यह कोई किसान आंदोलन नहीं, बल्कि पार्टी प्रचार का एक चालाकी भरा तिकड़म है।पार्टी भक्ति का यह नजारा देखकर मन में सवाल उठता हैः क्या ये समर्थित किसान वाकई योजना से लाभान्वित हैं, या फिर पार्टी के वफादार जिन्हें धन्यवाद रैली में झोंक दिया गया? एक तरफ, जहां भाजपा की रैली में उत्साह का ढोंग रचा जा रहा है, वहीं विपक्षी किसान संगठनों ने उसी इंदौर में दूसरी ट्रैक्टर रैली



निकालकर योजना का विरोध किया। हातोद से गांधीनगर सुपर कॉरिडोर तक का मार्च, जहां नारे थे %भावांतर फ्लॉप, किसान फंस!%। ये असली किसान थे—जिन्हें योजना की कागजीपत्री ने परेशान किया, जिन्हें MSP की गारंटी नहीं मिली, और जो ग्रीनफील्ड कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं से अपनी जमीनें खोने के डर में हैं।

भाजपा की रैली में शामिल %किसान% शायद पार्टी कार्यकर्ता होंगे, जिन्हें वोट बैंक मजबूत करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। यह भक्ति नहीं, बल्कि वोट की भूख है—जो 2028 के विधानसभा चुनावों की तैयारी में लगी है।किसान आंदोलन का इतिहास हमें सिखाता है कि ट्रैक्टर रैलियां कभी मजाक नहीं होतीं। 2020-21 का दिल्ली बॉर्डर पर का संघर्ष याद कीजिए, जहां लाखों किसानों ने तीन कृषि कानूनों के खिलाफ अपनी जान जोखिम में डाली। वहां ट्रैक्टर हथियार बने, यहां प्रचार के साधन।

भाजपा सरकार ने उन कानूनों को वापस तो लिया, लेकिन किसान हित की बातें आज भी खोखली हैं। भावांतर जैसी योजनाएं उसी श्रृंखला का हिस्सा हैं—जो घोषणाओं से शुरू होकर भूलभुलैया में समाप्त होती हैं। मध्य प्रदेश में सोयाबीन का भाव गिरा तो सरकार ने राशि दी, लेकिन क्या लंबे समय तक यह चलेगी? विशेषज्ञ कहते हैं कि बाजार सुधार के बिना ऐसी योजनाएं सिर्फ तात्कालिक राहत हैं, न कि स्थायी समाधान। और ऊपर से, जब पार्टी समर्थक ट्रैक्टर चला रहे हैं, तो असली किसान साइडलाइन हो जाते हैं।यह पार्टी भक्ति का दौर है, जहां किसान वोट बैंक से ज्यादा कुछ नहीं।

भाजपा के समर्थित किसान ट्रैक्टरों पर सवार होकर मुख्यमंत्री का आभार जता रहे हैं, लेकिन सवाल यह हैः क्या वे कल रूस्क्क की मांग उठाने पर भी पार्टी के साथ खड़े रहेंगे? या फिर, जैसे ही हवा बदलेगी, ये रैलियां विपरीत दिशा में मुड़ जाएंगी? मध्य प्रदेश के किसानों को चाहिए एक ऐसी राजनीति जो भक्ति न मांगे, बल्कि न्याय दे। भावांतर योजना फ्लॉप रही, तो रैलियां भी प्रचार की फ्लॉप शो बनकर रह जाएंगी।

**देपालपुर प्रतिनिधि**

## आंचलिक

### दीपावली के लिए 127 पटाखा दुकानें आवंटित-नगर पालिका को 4.24 लाख राजस्व मिला, सुरक्षा के निर्देश

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

खरगोन के नवग्रह मेला मैदान पर दीपावली के लिए अस्थाई पटाखा बाजार में 127 दुकानें लगाई जा रही है। इन दुकानों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया गया है। इससे नगर पालिका को 4 लाख 24 हजार 620 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

यह राजस्व पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक है। प्रत्येक दुकान का आकार 8 बाय 8 फीट है और दुकानों के बीच 10 फीट की जगह छोड़ी गई है, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। राजस्व अधिकारी महेश वर्मा ने बताया कि पटाखा बाजार में एक फायर फाइटर और जेसीबी मशीन स्थायी रूप से मौजूद रहेंगे। दुकानदारों को भी सुरक्षा के सभी मानक प्रबंधों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

खरगोन एसडीएम वीरेंद्र कटारे और सीएमओ कमला कौल ने दुकानदारों को पर्याप्त सुरक्षा संसाधन रखने की समझाइश दी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# इंदौर हाईवे पर किसानों का चक्काजाम-औने-पौने दाम पर मक्का उपज खरीदने का आरोप

**खंडवा• दैनिक इंदौर संकेत**

खंडवा में किसानों का गुस्सा उस वक्त फूट गया, जब मंडी में उन्हें उपज का सही दाम नहीं मिला। किसानों ने बड़ी संख्या में एकजुट होकर मंडी के बाहर इंदौर हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। जिससे दोनों तरफ वाहनों की आवाजाही रुक गई और लंबा जाम लग गया। किसानों ने मंडी प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से बात की। 3 घंटे चक्काजाम के बाद किसानों और प्रशासन के बीच एक राय बनी।

#### मक्का की फसल के दाम बढ़ाने की मांग

किसानों का कहना है कि, मक्का की उपज लेकर वे लोग मंडी पहुंचे तो सुबह 10 बजे की नीलामी में मक्का उपज की बोली 700 रूपए क्विंटल से शुरू की गई। किसान पर इतना भी अत्याचार क्या होता है कि वो पहले ही मरा है, और मंडी आए तो यहां व्यापारी मार दे रहा है।



#### किसानों का आरोप केवल खंडवा मंडी में दिक्कत बाकी जगह सही दाम

ये कोई भाव है क्या, विरोध करते हैं तो कहते हैं उपज में नमी है, अब बताओ कि क्या हम लोग उपज को पानी में भिगोकर ला रहे क्या? ये हाल सिर्फ खंडवा कृषि उपज मंडी के हैं। बाकी जगह तो फिर भी किसानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं। खंडवा मंडी वाले चोर हैं, जो व्यापारियों के साथ मिलकर किसानों को लूट रहे हैं।

#### 11 बजे से 1 बजे तक जाम लगा रहा

किसानों के विरोध प्रदर्शन के चलते इंदौर नाका पर दो घंटे तक चक्काजाम लगा रहा। सुबह 11 बजे शुरू हुआ आंदोलन दोपहर 1 बजे तक जारी रहा। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। किसानों ने सिर्फ एंबुलेंस को रास्ता दिया, बाकी सभी वाहन रुके रहे।

यहां से कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं था, इसलिए इंदौर-खंडवा मार्ग पर बसों का संचालन बंद हो गया। इंदौर से आने वाली बसों ने यात्रियों को किशोर कुमार समाधि स्थल के पास ही उतार दिया। यात्रियों को आगे का सफर पैदल तय करना पड़ा। स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चों को लेने जा रहे माता-पिता भी जाम में फंसे रहे, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। प्रशासन ने बातचीत के बाद जाम खुलवाया। जाम खुलने के बाद वाहन अंदर गए और फिर से नीलामी शुरू हुई।

### फॉस्फोराइट की खुदाई रोकने के लिए हाईकोर्ट में याचिका-कोर्ट ने केंद्र-राज्य सरकार से जवाब मांगा

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

खरगोन के बड़वाह स्थित मोदरी गांव में केंद्र सरकार ने 700 हेक्टेयर जमीन फॉस्फोराइट की माइनिंग के लिए चिह्नित की है। इसमें से 133 हेक्टेयर में माइनिंग होना है। इसे रोकने के लिए इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। जिस पर मंगलवार को हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। मामले में 10 नवंबर को सुनवाई होगी। एडवोकेट अभिष्ट मिश्र ने बताया कि हाईकोर्ट ने इस मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए एक्सपर्ट रिपोर्ट भी मांगी है।

याचिकाकर्ता का कहना है कि यहां फॉस्फोराइट 0.04 से 0.53 प्रतिशत ही मिलने की संभावना है। जबकि झाबुआ, आलीराजपुर, मेघनगर वाले इलाके में यह खनिज पर्याप्त मात्रा में है। यह बात टेंडर में पेश किए गए दस्तावेजों में ही लिखी है।

**माइनिंग होने पर कटेंगे हजारों पेड़** - इंदौर के पर्यावरण संरक्षक



अजय रघुवंशी, महू की दुर्गाशक्ति पीठ के पंडित शरद कुमार मिश्र और राधाकांताचार्य महाराज, महंत सुखदेवानंद और विवेक दुबे की याचिका में कहा है कि यहां माइनिंग की जाती है तो हजारों पेड़ काटे जाएंगे। इससे जंगल में रहने वाले वन्य जीवों के सामने संकट खड़ा हो जाएगा। वे शहर की ओर भागेंगे। इसलिए यहां माइनिंग पर अभी रोक लगाई जाए और भविष्य में भी किसी तरह की माइनिंग न हो, इस संबंध में भी आदेश जारी किए जाएं। इस माइनिंग से 700 हेक्टेयर सघन वन क्षेत्र प्रभावित होगा। इससे नर्मदा नदी का प्रवाह तो प्रभावित होगा ही, जैव संतुलन भी बिगड़ेगा। यहां उत्तराखंड- कश्मीर जैसी प्राकृतिक आपदाएं आने की आशंका भी बढ़ जाएगी।

### इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर धार्मिक स्थल हटाए गए -फोरलेन निर्माण के लिए प्रशासन का अभियान, पुलिस बल तैनात रहा

**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

बुरहानपुर में इंदौर-इच्छापुर हाईवे फोरलेन निर्माण के लिए सड़क के बीच आ रहे 12 धार्मिक स्थलों को हटाने का अभियान बुधवार सुबह 7 बजे से शुरू हुआ। जिला प्रशासन ने इन स्थलों को ससम्मान हटाने की प्रक्रिया अपनाई, जिसमें आमजन का भी भरपूर सहयोग मिला।

अभियान के दौरान, कई लोगों ने स्वेच्छा से अपने निर्माण हटाए। वहीं, प्रशासन ने भी धार्मिक स्थलों को विधि-विधान के साथ हटवाया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए 500 से अधिक पुलिसकर्मी, अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए थे।

कलेक्टर हर्ष सिंह, एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार, एडीएम वीर सिंह चौहान, एएसपी एएस कनेश और सीएसपी गौरव पाटील सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। अभियान के चलते इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर बड़े वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया था। शिकारपुरा थाने से गणपति नाका तक करीब 12 धार्मिक स्थल फोरलेन निर्माण के दायरे में आ रहे थे।

एएसपी एएस कनेश ने बताया कि धार्मिक स्थलों को हटाने के लिए 500 से अधिक पुलिस बल तैनात किया गया था, जिसमें 300 से अधिक बल बाहर से बुलाया गया था। उन्होंने जनता के पूर्ण सहयोग की सराहना करते हुए व्यवस्था को चाक-चौबंद बताया। एडीएम वीर सिंह चौहान ने कहा कि आमजन के सहयोग से धार्मिक स्थलों को शांतिपूर्ण ढंग से हटाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि रास्ते में आने वाले पेड़ों को हटाने की प्रक्रिया भी साथ-साथ चल रही है।



### नेपानगर एसडीएम को खाली घूमती मिलीं दो 108 एम्बुलेंस-ड्राइवर नहीं दिखा पाए दस्तावेज, कलेक्टर को भेजी जाएगी रिपोर्ट

**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

बुरहानपुर में नेपानगर एसडीएम को मंगलवार शाम दो 108 एम्बुलेंस खाली घूमती मिलीं। खकनार रोड और डाभियाखेड़ा में मिली इन एम्बुलेंस के ड्राइवरों से पूछताछ की गई, लेकिन वे संतोषजनक जानकारी नहीं दे पाए। एसडीएम ने इस मामले की रिपोर्ट कलेक्टर को भेजने की बात कही है।

एसडीएम भागीरथ वाखला ने बताया कि पहली एम्बुलेंस खकनार रोड पर और दूसरी डाभियाखेड़ा रोड पर मिली। ड्राइवरों ने अलग-अलग रूट बताए, जैसे एक ने नावरा से सीवल जाने और दूसरे ने सीवल से खकनार जाने की बात कही। हालांकि, उनके पास कोई मरीज नहीं था और वे दस्तावेज भी नहीं दिखा पाए। एसडीएम ने बताया कि एम्बुलेंस में कोई मरीज नहीं था और चार्ट पर डॉक्टर के हस्ताक्षर भी नहीं थे। वाहनों के खाली होने और गंतव्य की पुष्टि न होने पर एसडीएम ने संदेह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस मामले की विस्तृत रिपोर्ट बनाकर कलेक्टर को भेजी जाएगी।

वहीं, 108 एम्बुलेंस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अंकित नागर ने इस मामले पर स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने बताया कि एक वाहन मरीज को छोड़ने गया था और दूसरा मरीज को लेने जा रहा था। नागर ने कहा कि इसमें किसी तरह की गड़बड़ी नहीं है और सभी वाहनों की जीपीएस जानकारी रखी जाती है।

# यशस्वी जायसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में पांचवें स्थान पर



**दुबई (एजेंसी)** • आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में आठ विकेट लेने के बाद सात स्थान ऊपर चढ़कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजी रैंड्क्षकग में भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 175 रन बनाने के बाद दो स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि केएल राहुल 38 और नाबाद 58 रनों की पारियों की बदौलत दो स्थान ऊपर चढ़कर 33वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जोमेल वारिकन और कप्तान रोस्टन चेज क्रमश- दो और चार स्थान ऊपर चढ़कर 30वें और 57वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों में शाई होप (34 स्थान ऊपर चढ़कर 66वें स्थान पर) और जॉन कैंपबेल (छह स्थान ऊपर चढ़कर 68वें स्थान पर) शामिल हैं, जिन्होंने दूसरी पारी में शतक बनाए थे। अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान अबु धाबी में बांग्लादेश पर 3-0 की श्रृंखला जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद पुरुष वनडे गेंदबाजी में शीर्ष स्थान पर लौट आए हैं।

दूसरे मैच में पांच विकेट सहित श्रृंखला में 11 विकेट लेने वाले राशिद पांच स्थान ऊपर चढ़कर 710 रेड्क्षटग अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं, जो दूसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज से 30 अंक अधिक है। राशिद सितंबर 2018 में पहली बार नंबर 1 बने थे और आखिरी बार नवंबर 2024 में इस स्थान पर पहुंचे थे।

# मंधाना आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाज रैंकिंग में नंबर एक पर बरकरार




**दुबई (एजेंसी)** •भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक पर बरकरार हैं। मंधाना को विशाखापट्टनम में खेली 80 रनों की पारी का लाभ मिला है। इससे शीर्ष पर मंधाना की पकड़ बनी हुई है। वहीं कई अन्य खिलाड़ियों की रैंकिग पर भी प्रभाव पड़ा है। ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली को भारतीय टीम के खिलाफ 142 रनों की पारी का लाभ मिला है। इससे वह नौ स्थान ऊपर आकर संयुक्त रुप से चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं हालांकि वह अभी भी मंधाना, इंग्लैंड की कप्तान नैट शिवर-ब्रंट और बेथ मूनी से पीछे हैं और रैंकिंग में और ऊपर पहुंचने की कोशिश करेंगी। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वाट भी चौथे स्थान पर ही हैं, लॉरा को हाल में खेली अपनी अच्छी पारियों का लाभ मिला है। इससे वह तीन स्थान ऊपर आयीं हैं।

वहीं न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन भी दो स्थान के लाभ के साथ ही छठे स्थान पर पहुंच गईं। दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लर्क भी अपनी अच्छी पारियों से 26 स्थान के लाभ के साथ ही 32वें स्थान पर पहुंच गयी हैं। एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में सोफी एक्लेस्टोन नंबर 1 एक पर बरकारार हैं जबकि एस्ले गाडर्नर दूसरे नंबर पर हैं। हालांकि, क्रिकेट विश्व कप के एक आकर्षक सप्ताह के बाद शीर्ष 10 में नए नाम शामिल

ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड छह स्थान की छलांग लगाकर 8वें स्थान पर पहुंच गईं हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर नोनकुलुलेको म्लाबा 8 विकेट लेकर टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज रही हैं। आईसीसी महिला वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में गाडर्नर शीर्ष पर बनी हुई हैं।

## सिने जगत

# एल्बम ऑरा के गाने कुफर का टीजर जारी



**मुंबई (एजेंसी)** • मानुषी छिल्लर और दिलजीत दोसांझ के आगामी एल्बम ऑरा के गाने कुफ़र का टीज़र जारी किया गया, और यह दर्शकों को पूरी तरह प्रभावित कर रहा है। इसमें मानुषी और दिलजीत की यह नई जोड़ी पहली बार साथ नज़र आ रही है, जहाँ मिस वर्ल्ड अपने कलात्मक सफ़र को एक नए दिशा में ले जा रही हैं, जहाँ वैश्विक आकर्षण और स्थानीय आकर्षण का संगम है। यह सहयोग मानुषी के रचनात्मक सफर के एक नए पड़ाव का संकेत है, जो हर नए प्रोजेक्ट के साथ विकसित होता जा रहा है। इस गाने के टीजर में मानुषी की एक बिल्कुल नई झलक दिखाई देती है - एक ऐसा बोल्ड और ग्लैमरस अवतार जो अब तक दर्शकों ने नहीं देखा था। उनकी दमकती इंटेंसिटी को कैद करने वाले आकर्षक क्लोज़-अप से लेकर डेनिम के साथ चमकदार नारंगी रंग के क्रॉप टॉप में उनके अंदाज़ तक, मानुषी हर फ्रेम में ध्यान आकर्षित करती हैं। कुफ़र के साथ वह ग्लैमर को एक नए स्तर पर ले जाती हैं, जहां वह आत्मविश्वास और बोल्डनेस से भरपूर, दिलजीत के स्वैग से कदम मिलाती नज़र आती हैं। दोनों एक पुराने, मंद रोशनी वाले बार सेट में झूमते दिखाई देते हैं, जहाँ झूमर और विंटेज माहौल पूरे दृश्य को पुरानी यादों की खूबसूरती से भर देते हैं।



# अनुष्का शंकर ने की भारत टूर की घोषणा



**मुंबई (एजेंसी)** • 11 बार ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामांकित सितार वादक अनुष्का शंकर ने अपने लाइव प्रदर्शन के 30 साल पूरे होने पर एक विशेष भारत दौरे की घोषणा की है। यह बहुप्रतीक्षित टूर स्किलबॉक्स के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है और इसकी शुरुआत 30 जनवरी को हैदराबाद से होगी। इसके बाद यह यात्रा बेंगलुरु, मुंबई, पुणे, दिल्ली और कोलकाता में जारी रहेगी। इस टूर को स्किलबॉक्स और रेडएफएम द्वारा क्यूरेट और प्रोड्यूस किया गया है और कोटक द्वारा प्रस्तुत किया गया है। अनुष्का शंकर ने कहा कि भारत में हर परफॉर्मेंस मेरे लिए बेहद व्यक्तिगत होता है, लेकिन यह दौरा एक बेहद खास समय पर हो रहा है।

## उज्जैन संभाग

# कांग्रेस ने संविदा सहायक यंत्री को हटाने की मांग की, महिला उत्पीड़न के आरोपों पर संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • शहर कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष ने नगर पालिक निगम में पदस्थ संविदा सहायक यंत्री पीयूष भार्गव को हटाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में संभागायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में भार्गव पर महिला उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सेवानिवृत्ति के बाद संविदा पर नियुक्त हुए सहायक यंत्री भार्गव पर पूर्व में भी महिला उत्पीड़न के आरोप लग चुके हैं। नगर पालिक निगम की एक महिला उपयंत्री ने उन पर उत्पीड़न (यौन शोषण) का आरोप लगाया था, जिसकी शिकायत संबंधित थाने और महिला आयोग में दर्ज कराई गई थी। इस मामले की जांच वर्तमान में नगर पालिक निगम में चल रही है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि तत्कालीन आयुक्त ने पीयूष भार्गव को केवल पर्यवेक्षण के अधिकार दिए थे। हालांकि, बोर्ड और अधिकारियों की कथित शह पर वे अब सिंहस्थ 2028 के सभी कार्यों के कार्यपालन यंत्री बन गए हैं।

# महाकाल दर्शन करने आई नाबालिग मुंबई से बरामद, झांसी से आई थी, मोबाइल नहीं देने से नाराज होकर चली गई थी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • झांसी से अपनी मां के साथ महाकाल दर्शन करने आई नाबालिग बेटी दर्शन करने के बाद से गायब थी। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद महाकाल थाना पुलिस ने नाबालिग को मुंबई से बरामद कर उसकी मां को सौंप दिया है। 10 अक्टूबर को झांसी (उत्तरप्रदेश) निवासी महिला ने थाना महाकाल में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी नाबालिग बेटी के साथ 09 अक्टूबर को महाकाल दर्शन हेतु उज्जैन आई थी। दर्शन के दौरान महिला अपना बैग हरसिद्धि पर एक महिला के पास रखकर बेटी के साथ दर्शन करने चली गई। दर्शन के बाद बेटी को बैग लाने भेजा तो वह वापस नहीं लौटी। आसपास काफी तलाश करने पर भी बेटी का कोई सुराग नहीं मिला। महिला की रिपोर्ट पर थाना महाकाल में अपराध क्रमांक 455/25 का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, हरसिद्धि पाल, महाकाल मंदिर क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। बालिका के मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रैक की गई।

# सांदीपनि आश्रम में कुबेर प्रतिमा, धनतेरस पर श्रद्धालु करेंगे दर्शन- समृद्धि के लिए श्रद्धालु नाभि में इत्र लगाकर करते हैं कामना

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**उज्जैन** • भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली सांदीपनि आश्रम में स्थित कुंडेश्वर महादेव मंदिर में कुबेर की प्राचीन प्रतिमा के दर्शन होते हैं। धनतेरस के अवसर पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुख-समृद्धि की कामना के साथ भगवान कुबेर की नाभि में इत्र लगाने पहुंचते हैं। महर्षि सांदीपनि आश्रम परिसर में बने 84 महादेव मंदिरों में से 40वें क्रम पर श्री कुंडेश्वर महादेव मंदिर आता है। इस मंदिर के गर्भगृह में कुबेर की यह प्राचीन प्रतिमा स्थापित है। साथ ही, मंदिर के शिखर के अंदर की ओर श्री यंत्र भी मौजूद है। मंदिर के पुजारी शिवांश व्यास के अनुसार, यहां विराजित कुबेर की प्रतिमा आकर्षक है। इसमें कुबेर के एक हाथ में सोम पात्र है, जबकि दूसरा हाथ वर मुद्रा में है। उनके कंधे पर धन की पोटली रखी है। प्रतिमा में तीखी नाक, उभरा पेट और शरीर पर अलंकार कुबेर के स्वरूप को विशेष बनाते हैं। गर्भगृह में बालाजी, वामन देव और भगवान नारायण की प्राचीन प्रतिमाएं भी स्थापित हैं।धनतेरस से दीपावली पर्व तक भक्त यहां दर्शन करने आते हैं। मनोकामना पूर्ति के लिए श्रद्धालु कुबेर की तोंद पर हाथ फेरते हैं और उनकी नाभि में इत्र लगाते हैं। इसके साथ ही, मिष्ठान और अनार का भोग भी चढ़ाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इससे कुबेर देव प्रसन्न होकर धन-धान्य का आशीर्वाद प्रदान करते हैं।यह कुबेर प्रतिमा लगभग 1100 वर्ष पुरानी बताई जाती है। प्रतिमा से जुड़ी एक मान्यता यह भी है कि जब भगवान कृष्ण ने महर्षि सांदीपनि के आश्रम से अपनी शिक्षा पूरी कर ली थी, तब गुरु दक्षिणा देने के लिए भगवान नारायण के सेवक कुबेर धन लेकर आश्रम आए थे। इसके बाद कुबेर यहीं विराजमान हो गए। भगवान कृष्ण के जाने के समय गुरु ने कुबेर का खजाना वापस देते हुए कृष्ण को राजा बनने का आशीर्वाद दिया था।

# आईसीसी वर्ल्ड कप जीतने के लिए बाबा महाकाल से आशीर्वाद लिया



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • भारतीय महिला क्रिकेट टीम बुधवार तड़के उज्जैन के प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आयोजित भस्म आरती में शामिल हुई। सभी खिलाड़ियों ने लगभग दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल की आरती में भाग लिया और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में पूरी टीम बाबा महाकाल के दरबार में पहुंची। टीम की अन्य सदस्यों में स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्रकार, रितिका रावल, हरलीन देओल, श्री चरणी, स्नेहा राणा, रेणुका सिंह ठाकुर, अमनजोत कौर, क्रांति गौर और राधा यादव शामिल थीं। सभी खिलाड़ियों ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया।

महिला टीम ने भस्म आरती में शामिल होकर हाल ही में चल रहे वुमेन्स आईसीसी वर्ल्ड कप में विजय प्राप्त करने के लिए प्रार्थना की। मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया गया और उन्हें प्रसाद स्वरूप उपहार भेंट किए गए।

# उज्जैन के 3 ग्राम पंचायत सचिव निलंबित, जिला पंचायत सीईओ ने की कार्रवाई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • जिले की तीन ग्राम पंचायतों के सचिवों को कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्रेयांस कूमट द्वारा की गई है। निलंबित सचिवों में जनपद पंचायत खाचरोद की ग्राम पंचायत खामरिया के सचिव फूल सिंह परमार, ग्राम पंचायत नंदवासला के सचिव भारत सिंह राठौर और ग्राम पंचायत दिवेल के सचिव रामचरण पारेगी शामिल हैं। इन तीनों पर अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप हैं। सीईओ ने मध्यप्रदेश पंचायत सेवा नियम 1999 के भाग-दो (4)(1) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए निलंबन आदेश जारी किया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। निलंबन अवधि के दौरान तीनों सचिवों का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय खाचरोद निर्धारित किया गया है।

# आगर-मालवा में नदी में कमर तक पानी से गुजरी शवयात्रा, पुलिया नहीं होने से ग्रामीण परेशान

**आगर - मालवा • दैनिक इंदौर संकेत**



आगर मालवा जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर जैतपुरा ग्राम पंचायत के लखमनखेड़ी गांव से सिस्टम को शर्मसार करने वाली तस्वीर सामने आई है। दरअसल, लखमनखेड़ी निवासी 65 वर्षीय लीला बाई पति रणजीत सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार के लिए परिजन और ग्रामीण जब शव यात्रा लेकर श्मशान घाट की ओर निकले तो उनके सामने नदी पार करने की विकट समस्या आ गई। चूंकि गांव में श्मशान घाट नदी के दूसरी ओर स्थित है और नदी पर कोई पुलिया नहीं बनी है, इसलिए सभी को कमर तक पानी में उतरना पड़ा। ग्रामीणों ने भारी मन से बुजुर्ग महिला की अर्थी को पानी में से निकालते हुए नदी पार की। इस दृश्य ने व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या पहली बार नहीं आई है, बल्कि हर बारिश के मौसम में यही स्थिति बनती है। बारिश में नदी का जलस्तर बढ़ जाता है और किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर अंतिम संस्कार के लिए शव यात्रा को जान जोखिम में डालकर इसी तरह नदी पार करके श्मशान घाट तक ले जाना पड़ता है। सरपंच रामकुंवर बाई पति नागू सिंह चौहान ने बताया, हमारे गांव में श्मशान की भूमि नहीं है, इसलिए श्मशान नदी के दूसरी ओर बनाया गया है। पुलिया निर्माण के लिए विधायक से लेकर प्रशासन तक कई बार लिखित में शिकायत और निवेदन किया गया, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। वर्षों से गांव के लोग इस परेशानी से जूझ रहे हैं।

# बिना परमिट, फिटनेस चल रहीं 4 बसों पर 45,000 जुर्माना, यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

**आगर - मालवा • दैनिक इंदौर संकेत**




आगर मालवा में यातायात पुलिस ने बिना वैध परमिट और फिटनेस के चल रही चार बसों पर कुल 45,000 का जुर्माना लगाया गया।

जांच में बस MP 42 P 0942 (कुमकुम बस), MP 39 P 0368 (जायसवाल बस) और MP 13 ZW 7277 बिना वैध परमिट के संचालित पाई गईं। मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 66/192 (ए) के तहत इन तीनों बसों पर प्रत्येक पर 10,000 का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त बस MP 13 D 0445 (राजपूत बस) बिना फिटनेस और परमिट के चल रही थी, जिस पर धारा 66/192 (ए) और 56/192 के तहत 15,000 का चालान किया गया और स्टाफ को शाम रसीद दी गई। यातायात पुलिस थाने के सूबेदार जगदीश यादव ने बताया कि ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए बिना वैध दस्तावेजों के वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# डिवाइडर बनाया तो उसमें ही भर दिया मलबा : प्रभारी महापौर ने दिए जांच के आदेश, बोले- मलबा निकलने के बाद ही करें पेमेंट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के पश्चिमी क्षेत्र में रोड के बीच में बन रहे डिवाइडर में ही ठेकेदार ने वहां का मलबा भर दिया। जबकि डिवाइडर के बीच में मिट्टी डालकर वहां पौधे लगाए जाना है। ऐसे में मलबे के कारण पौधे पनप नहीं पाएंगे।इसका खुलासा तब हुआ, जब एमआईसी मेंबर उस क्षेत्र से गुजर रहे थे। वे डिवाइडर को देख कर रुक गए और उसकी जांच की तो उन्हें कई अनियमितताएं मिलीं। उन्होंने तत्काल मामले में नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा है। मामला चाणक्यपुरी से गोपुर चौराहे के बीच बन रहे सेंट्रल डिवाइडर का है। यहां पर सेंट्रल डिवाइडर का काम किया जा रहा है।

नगर निगम के यातायात विभाग द्वारा चाणक्यपुरी चौराहे से गोपुर चौराहे मेन रोड सौंदर्यीकरण के तहत सेंट्रल डिवाइडर बनाया जा रहा है। इस काम के लिए यातायात विभाग ने 17 दिसंबर 2024 को लागत राशि 1.66 करोड की निविदा बुलाई थी, जिसमें मेसर्स ख्याति इंटरप्राइजेस को 4.56 प्रतिशत अधिक की दर पर काम दिया गया।

### काम की स्थिति देखी तो मिली अनियमितता

हाल ही में एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर इस रोड से गुजर रहे थे। तब उन्होंने सेंट्रल डिवाइडर के काम को देखा तो उन्हें कुछ गड़बड़ लगी। इस पर उन्होंने रोककर पूरे काम को देखा। उन्होंने यहां उस काम के फोटो भी लिए।

उन्होंने देखा कि यहां पर काम में कई अनियमितताएं हैं। काम करने वालों ने डिवाइडर के अंदर ही वहां का मलबा डाल दिया। आगामी दिनों में यहां पर मिट्टी डालकर पौधे लगाए जाना है, ऐसे में मलबे के कारण पौधे खराब हो जाएंगे। इस मामले में राठौर ने अपर आयुक्त को जांच के लिए लेटर भी लिखा है।

**मलबा में घपला....**



**अपर आयुक्त को भेजा लेटर**- एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर ने मौके पर स्थिति देखी तो पाया कि यहां सरिए की क्वालिटी भी अलग-अलग मिली। साथ ही डिवाइडर के बीच मलबा डालकर भराव किया जा रहा है। निविदाकर्ता द्वारा ज्यादा निविदा दर के बावजूद काम में लापरवाही कर गुणवत्ताहीन निर्माण किया जा रहा है। साथ ही संबंधित इलाके में पदस्थ विभाग के इंजीनियर द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस सेंट्रल डिवाइडर निर्माण तय मानक स्तर के विपरीत किया जा रहा है। डिवाइडर निर्धारित मापदंड से ज्यादा चौड़ाई में बनाया जा रहा है। अत: यातायात विभाग द्वारा चाणक्यपुरी से गोपुर चौराहे के मुख्य रोड सेंट्रल डिवाइडर निर्माण काम की जांच कराते हुए दोषी ठेकेदार फर्म तथा संबंधित इंजीनियर के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई प्रस्तावित की जाए। यातायात विभाग को पूरी जांच करने के लिए कहा है। साथ ही मलबा बाहर करने के बाद ही उसका पेमेंट करने के निर्देश दिए है। तीन दिन में इसकी जानकारी बुलवाई है।

### प्रभारी महापौर बोले- मलबा बाहर होने के बाद करें पेमेंट

मामले में एमआईसी मेंबर व प्रभारी महापौर राजेंद्र राठौर ने बताया कि गोपुर चौराहे से चाणक्यपुरी चौराहे तक एक बड़ा डिवाइडर का काम किया जा रहा है। यहां ठेकेदार काम कर रहा है, जब यहां की जांच की तो पता चला कि यहां सरिए की क्वालिटी भी अलग-अलग मिली। इस मामले की जानकारी यातायात विभाग के अधिकारियों को दी है। मामले में जांच करने के लिए कहा गया है। डिवाइडर के अंदर ही मलबा भर दिया है। वह कैसे निकालेंगे, क्योंकि डिवाइडर में मिट्टी डालकर पौधे लगाएंगे। ऐसे में मलवे की वजह से पौधे खराब हो जाएंगे। ठेकेदार को मलबा निकालकर फेंकना था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।

# बिल्डर मनीष गोधा, देवेंद्र सोगानी की गोधा एस सोलिटेयर कॉलोनी में सरकारी जमीन, टीएडंसीपी और निगम का नोटिस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में बिल्डर मनीष गोधा की नई कॉलोनी विवादों में घिरी है। गोधा एस सोलिटेयर कॉलोनी में सरकारी जमीन को शामिल कर प्लॉटिंग की गई है। नक्शे के विपरीत निर्माण करने की भी शिकायतें मिली हैं। इसके बाद संबंधित अधिकारियों ने नोटिस जारी किए हैं। बता दें कि बिल्डर मनीष गोधा अपनी निर्माणाधीन कॉलोनियों में जैन समाज के बड़े धार्मिक आयोजन कराकर इनकी मार्केटिंग करने के लिए प्रसिद्ध है।

शिकायतकर्ता लोकेश जैन ने इस संबंध में नगर निगम इंदौर से लेकर टीएंडसीपी को और जिला प्रशासन एसडीएम मल्हारगंज को लिखित शिकायत की है। उनकी जमीन इस कॉलोनी से लगी हुई है इस पर भी अवैध रूप से कब्जा जमाया जा रहा है। शिकायत में बताया गया है कि ग्राम छोटा बांगड़दा मल्हारगंज सर्वे नंबर 111/2, 111/3, 111/4, 111/5 कुल 2.024 हेक्टेयर पर देवेंद्र सोगानी, महेश सोगानी और अन्य ने बिल्डर मनीष गोधा के साथ रेशो डील गोधा एस सोलिटेयर कॉलोनी काटी जा रही है। इसमें सरकारी जमीन का सर्वे नंबर 110/1 व 107 को भी ले लिया गया है, साथ ही नक्शे में तय 18 मीटर चौड़ी सड़क को संकरा बनाया जा रहा है और नक्शे के विपरीत भी। इससे भविष्य में रोड का एलाइमेंट बिगड़ेगा। इसमें कहा गया है कि आरोप है कि आपके द्वारा बेशकीमती सरकारी जमीन को हड़प कर निर्माण किया जा रहा है, तय 18 मीटर की जगह 6 मीटर संकरा रोड बनाया जा रहा है और वह भी नक्शे के विपरीत। इस संबध में अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए जाते हैं। इस मामले में जिला प्रशासन को भी शिकायत हुई है कि सरकारी जमीन पर कब्जा कर यह प्लाटिंग हो रही है, इसमें अवैध कॉलोनी का मामला बनता है। साथ ही आपत्तियों और जांच के बाद भी मौके पर निर्माण कार्य चालू है। इस जमीन के सर्वे नंबर की फील्ड बुक राजस्व अधिकारियों ने घर बैठे बनाई है और फील्ड पर गए ही नहीं, मौके पर और मीसल बंदोबस्त के हिसाब से जमीन में अंतर है। कॉलोनाइजर और डेवलपर्स अपनी सीमाएं तोड़कर उनकी और पास की जमीन में व शासकीय जमीन में घुस रहे हैं। इस संबंध में कार्रवाई की जाए। हालांकि, अभी प्रशासन की ओर से इसमें एक्शन नहीं हुआ है और वहीं आरोप है कि मौके पर आपत्तियों और जांच के दौरान भी काम जारी है।





### निगम ने टीएडंसीपी को जांच के लिए लिखा, नोटिस जारी

इंदौर कॉलोनी विवाद के मामले में नगर निगम ने शिकायत के बाद अपनी तकनीकी सेल से जांच कराई और पाया कि नक्शे के विपरीत यहां काम होता पाया जा रहा है। इसके बाद इंदौर नगर निगम ने टीएडंसीपी को इस संबंध में रिपोर्ट देने के लिए कहा है। वहीं टीएंडसीपी ने शिकायतों और निगम के पत्र के बाद सपना गोधा, देवेंद्र कुमार सोगानी, महेश कुमार सोगानी, विशेष वेद, तेजकुमार जैन, डेवलपर्स मनीष गोधा और अन्य को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं।

# एम्स भोपाल में खून के दलाल!

## 224 लीटर प्लाज्मा चुराकर बेच डाला, इंदौर-महाराष्ट्र में करते थे सप्लाई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● एम्स के प्लाज्मा चोरी मामले में पुलिस ने बुधवार को खुलासा करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इन आरोपियों ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स के ब्लड बैंक से करीब 224 लीटर ब्लड प्लाज्मा चोरी किया था। आरोपी इस प्लाज्मा को इंदौर और महाराष्ट्र में बेच रहे थे. यह खेल लंबे समय से चल रहा था। ये सभी आरोपी एम्स ब्लड बैंक से जुड़े थे।

**224 लीटर प्लाज्मा की कीमत करीब 12 लाख**- भोपाल के बागसेवनिया थाना पुलिस प्लाज्मा चोरी मामले की जांच कर रही थी। एडिशनल DCP गौतम सोलंकी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जांच के दौरान आरोपी अंकित से पूछताछ की। अंकित ने अमित जाटव, दीपक पाठक और अन्य आरोपियों के नाम बताए। आरोपियों ने 224 लीटर प्लाज्मा चोरी करने की बात कबूल की, जिसकी कुल कीमत करीब 12 लाख रुपए बताई जा रही है।




**पुलिस ने बरामद किए 23 यूनिट प्लाजमा**-पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 23 यूनिट प्लाज्मा जब्त कर लिया हैं और उन्हें एम्स भोपाल को वापस सौंप दिया है। अधिकारियों ने बताया कि यह प्लाज्मा चोरी का हिस्सा था, जिसे आरोपी इंदौर और महाराष्ट्र में सप्लाई करने की फिराक में थे।

**सीसीटीवी से हुआ पर्दाफाश**- मामले का खुलासा तब हुआ जब एम्स प्रशासन को ब्लड बैंक से लगातार यूनिट्स गायब होने का संदेह हुआ। इसके बाद ब्लड बैंक के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, जिनमें एक आरोपी को प्लाज्मा यूनिट चुराते हुए दिखाई। यह फुटेज सामने आने के बाद एम्स ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. ज्ञानेंद्र प्रसाद ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

**पुलिस ने 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार**- शिकायत के आधार पर बागसेवनिया थाना पुलिस ने ठेके के कर्मचारी और अन्य सहयोगियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार हुए आरोपियों में अंकित केलकर (26), अमित जाटव (25), लक्की पाठक (30), दीपक पाठक (35), शाम बडगुजर (27) और करण चव्हाण (25) शामिल है।

# देपालपुर में बनेगा स्वच्छता पार्क

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर की स्वच्छता सफलता को दोहराने के लिए देपालपुर ट्रेंचिंग ग्राउंड पर 39 लाख रुपये की लागत से एक स्वच्छता पार्क विकसित किया जाएगा। आईएमसी कमिश्नर दिलीप कुमार यादव ने बुधवार को देपालपुर का दौरा किया और बेहतर स्वच्छता की रणनीति की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक व्यापक निरीक्षण शुरू किया। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया और नए पार्क के लेआउट को अंतिम रूप दिया। पार्क में एक मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी प्लांट, एक कम्पोस्ट प्लांट और एक मल-मल उपचार संयंत्र एकीकृत होगा। पुराने जमा हुए कचरे को बायो-रिमेडिएशन विधि से संसाधित किया जाएगा, जिसके बाद व्यापक सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा। कमिश्नर ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि प्लांट पर काम जल्द ही शुरू होने वाला है। अपने दौरे के दौरान, यादव ने देपालपुर में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, बाज़ारों और आवासीय क्षेत्रों का दौरा किया और मौजूदा कचरा संग्रहण प्रक्रिया का अवलोकन किया। यादव ने कहा, स्वच्छता लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का सहयोग महत्वपूर्ण है। आईएमसी ने अपने पड़ोसी देपालपुर को सर्वोच्च रैंकिंग वाले स्वच्छ शहर का दर्जा दिलाने के लिए %स्वच्छ शहर जोड़ी% पहल के तहत देपालपुर नगर परिषद के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

# स्वच्छ शहर स्वदेशी दिवाली की तैयारी में जुटा, बाज़ारों में रौनक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● दिवाली नज़दीक आते ही, शहर भर के बाज़ार त्योहारी उत्साह से सराबोर हो गए हैं। राजवाड़ा, सराफा, बर्तन बाज़ार, आड़ा बाज़ार, कपड़ा बाज़ार और एमजी रोड जैसे प्रमुख खरीदारी क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से भारी भीड़ देखी जा रही है। बुधवार शाम को समाप्त हुए दो दिवसीय पुष्य नक्षत्र, जो धन और समृद्धि के लिए शुभ माना जाता है, ने खरीदारी की गतिविधियों को और बढ़ा दिया है, और ग्राहक सुबह से देर रात तक आभूषण, परिधान और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर उमड़ रहे हैं। रंग-बिरंगी रोशनियों से जगमगाते बाज़ार पारंपरिक और आधुनिक, दोनों तरह की चीज़ें पेश कर रहे हैं। सोने और चांदी में निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी के कारण आभूषण विक्रेताओं का कारोबार तेज़ है। सर्राफा बाजार में खरीदारी कर रही एक स्थानीय निवासी राधिका भार्गव ने कहा, सोने और चांदी की ऊंची कीमतों के बावजूद सर्राफा बाजार में भीड़ देखकर मैं हैरान रह गई। लोग सोना और चांदी न केवल परंपरा के लिए, बल्कि निवेश के तौर पर भी खरीद रहे हैं। त्योहारी उत्साह को और बढ़ाते हुए, शहर के पारंपरिक अस्थायी बाज़ार राजवाड़ा, सराफा और बर्तन बाज़ार जैसे इलाकों में एक बार फिर से आकार ले चुके हैं। सड़कों पर छोटी-छोटी दुकानों और ठेलों की कतारें लगी हैं, जिनमें मिट्टी के दीयों, पारंपरिक सजावट, कपड़ों, रंगोली के रंगों, खिलौनों और मिठाइयों की रंग-बिरंगी रेंज दिखाई दे रही है।



इस साल, स्थानीय कारीगरों और विक्रेताओं के साथ उत्सव के केंद्र में स्वदेशी दिवाली को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। मिट्टी के दीयों का आकर्षण बरकरार है, स्थानीय कुम्हार बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। राजकोट के गुजराती शैली के सजावटी दीये, जिनकी कीमत 1 रुपये से 10 रुपये के बीच है, भी लोकप्रिय हो गए हैं। कुम्हार शांतिलाल प्रजापति ने कहा, लोग आयातित दीयों की तुलना में पारंपरिक दीयों को पसंद करते हैं। हमें ऑनलाइन ऑर्डर भी मिल रहे हैं। राजवाड़ा जैसे केंद्रीय इलाकों में भारी भीड़ के कारण यातायात जाम हो गया है, जिसके चलते कृष्णपुरा छतरी के पास वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने के लिए प्रतिबंध लगाए गए हैं। सड़कें आंशिक रूप से बंद होने के कारण, ज़्यादातर खरीदार चहल-पहल वाले बाज़ारों से पैदल ही निकलना पसंद कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री के बयान से व्यापारी नाराज, सोयाबीन की खरीदी रोकने की चेतावनी; सरकार से मांगी सफाई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सोयाबीन की खरीद पर राजनीति शुरू होने और मुख्यमंत्री के ताजा बयान के बाद मंडियों में असंतोष फूटता दिख रहा है। प्रदेश के कारोबारियों ने सोयाबीन की खरीद से किनारा करने का प्रस्ताव दिया है। मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव के बयान के बाद यह स्थिति बनी है। मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने बैठक में भावांतर योजना पर चर्चा के दौरान कह दिया था कि व्यापारी उलटे-पुलटे दाम लगाए तो उसकी कालर पकड़ों। बुधवार को मप्र अनाज दलहन तिलहन व्यापारी संघ ने बयान जारी कर मुख्यमंत्री के बयान की निंदा की ओर कहा कि इस बयान के बाद नीमच व खंडवा मंडी में किसानों ने व्यापारियों के साथ मारपीट कर दी। सकल अनाज दलहन तिलहन व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि इस बयान और रवैये से सरकार के प्रति असंतोष बढ़ रहा है। प्रदेश का व्यापारी स्वाभिमान से ही व्यापार करेगा। व्यापारी चाहते हैं कि किसानों से सोयाबीन सरकार ही क्रय करें। मुख्यमंत्री अपने बयान और व्यापारी के सम्मान पर स्थिति स्पष्ट करें। अन्यथा प्रदेशभर के व्यापारी सभी मंडियों में सोयाबीन की खरीदी बंद कर देंगे।



# भोपाल गैस त्रासदी : जहरीली राख के लिए हाईकोर्ट ने सरकार से मांगी नई जगह की रिपोर्ट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने भोपाल गैस त्रासदी की जहरीली राख के पीथमपुर में दफनाने पर रोक लगा दी गई है। दरअसल गैस त्रासदी मामले में जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस प्रदीप मित्तल की खंडपीठ ने 8 अक्टूबर 2025 को आदेश दिया था। इसमें हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई से पहले वैकल्पिक स्थलों की सूची पेश करें।

कोर्ट ने आदेश में कहा है कि मानव बस्तियों के समीप ऐसा कोई भी 'टॉक्सिक वेस्ट कंटेनमेंट साइट' स्थापित नहीं की जा सकती है। इससे किसी भी अप्रत्याशित घटना दोबारा हो सकती है।



अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है। सरकार को अगली सुनवाई से पहले वैकल्पिक स्थलों की सूची पेश करनी है। तकनीकी मूल्यांकन रिपोर्ट भी प्रस्तुत करनी है। यह भी स्पष्ट करना है कि वैश्विक स्तर की एजेंसियों से टेंडर या परामर्श मांगा गया है या नहीं।

**एक और त्रासदी को निमंत्रण नहीं दे सकते**-अदालत ने राज्य सरकार के तर्क को खारिज कर दिया, जिसमें सरकार ने कहा था कि पीथमपुर में साइट आधुनिक सुरक्षा तकनीक से लैस है। कोर्ट ने कहा कि बारिश में सड़कें बह जाती हैं। पुल ढह जाते हैं। ऐसे में राज्य की इंजीनियरिंग क्षमता पर अंधविश्वास करना संकट को न्योता देना होगा।

जस्टिस श्रीधरन ने टिप्पणी की यूसीआईएल का कारखाना भी तब सुरक्षित था, जब तक आपदा नहीं आई। जब बीस हजार लोगों की जान एक रात में चली गई और लाखों आज भी उसकी सजा भुगत रहे हैं। अब बहुत अधिक सावधानी ही एकमात्र रास्ता है।

**1984 की राख आज भी जहर उगल रही है**-2 दिसंबर 1984 की रात भोपाल में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से मिथाइल आइसोसायनेट गैस लीक हुई थी। इस हादसे में लगभग 20 हजार लोगों की जान गई। पांच लाख से अधिक लोग अभी भी बीमारियों से जूझ रहे हैं। हादसे के बाद बची रासायनिक अपशिष्ट और राख वर्षों से पड़ी है। इसके निपटान को लेकर 2004 से हाईकोर्ट में याचिका लंबित है।

हाईकोर्ट का यह निर्णय पर्यावरणीय सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह शासन-प्रशासन को सख्त संदेश देता है कि जनजीवन से समझौता नहीं किया जा सकता। अब प्रदेश की निगाहें सरकार की रिपोर्ट पर हैं। सरकार को यह बताना होगा कि ज़हरीली राख कहां जाएगी।

### जहरीली राख में अब भी पारा

रिपोर्ट ने बताई सच्चाई-इस मामले में हस्तक्षेपकर्ता ने अदालत में दायर रिपोर्ट में बताया गया कि भोपाल यूनियन कार्बाइड परिसर से निकली राख में आज भी मरकरी (पारा) की मात्रा अनुमेय सीमा से कई गुना अधिक है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 12 अगस्त 2025 की रिपोर्ट के अनुसार यह राख अभी भी उच्च स्तर की विषैली है। जो मिट्टी और भू-जल दोनों को प्रदूषित कर सकती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी.कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।